Indian paintings can be broadly classified as murals and miniatures. Murals are large works executed on the walls of solid structures, as in the Ajanta caves and the Kailashnath temple. Miniature paintings are executed on a very small scale for books or albums on perishable material such as paper and cloth. Earlier, miniatures were used to illustrate the texts of various types, while later they were painted for independent subjects.

Wall fresco being a type of painting done on walls on wet or dry lime plaster has been a long established custom which evolved over the years with fusion of various cultures and traditions. The fresco of Ajanta caves being among the earliest of the order traced. A very later phase can be seen in the wall paintings of Rajasthan.

Wall Frescoes Of Rajasthan - Wall paintings have been considered very auspicious in Rajasthan.The technique used in this region was so developed that even after 300 years, they retain their original form and color. The four major centers of painting styles namely Mewar, Marwar, Dhundhar and Hadoti with Udaipur, Jodhpur, Jaipur and Bundi, respectively, being the source, resulted from four major Rajput clans namely Kachhawa, Rathore, Hada and Sisodia.

Dhundhar region - Jaipur as its centre - Mural tradition has remained unconquered due to its social and cultural importance. Early mandanas were made with geru mitti and safed kali. The walls of palaces, inner chambers of the forts, havelis, or even the common man houses still adorns this ancient art.The wall frescoes concentrated mostly on the upper part of the walls, squinches of chhatris, drums of the domes, on the pendentives, etc. were of Fresco Secco or Fresco Buono techniques.The ornamentation done through frescoes does not cancel out the architectural details rather emphasizes them. The basic floral ornamentation over *araishn* can be seen even in the ancient residences and houses of Amber and Jaipur.Many of the ancient houses of the walled city of Jaipur still have these frescoes, which have never been published nor mentioned in relevant literature.

Fresco Buono - Jaipur is the centre of this fresco form commonly known as *Aala-gila or morakasi or arayish*. It involves applying colors on the still wet lime plaster, making it more durable, however, costlier than the other processes. The chemical composition of lime and water together forms hydroxide i.e. slaked lime which provides a protective glazed finish on the surface. The bright colors used in these were of various shades and mixtures of Red ochre (geru), yellow ochre (ramraj), whitechalk (safeda), lamp black (soot), indigo (neel), teravert (harabhata), etc. The fresco becomes a part of the wall plaster after drying. The frescoes of this technique have been well known for its permanency.

Fresco Secco - This process involved painting on the wall long after it has been constructed.The plastered wall surface should not have any moisture.Water soluble colours were being used but for any work done after drying up, insoluble colours were used. Gum *(Gond)* or Egg yolk was being used as the binder. The colours in this process remains on the top surface only unlike Buono process. These frescoes are not considered long lasting and can peel off in flakes.

References:-

1. Dadhich A,(1994) DhundharkiBhittichitrakalaKaItihass, Nirala Publications
2. Shukla Y.K., (1979) Wall painting of Rajasthan, L.D. Institute of Indology Ahmedabad
3. Sharma A.K., Sharma S, Jaipur ShailikeTithiyuktChitra, Associated Publishing House
4. Cimino Rosa Maria, (2001) Wall paintings of Rajasthan Amber and Jaipur, Aryan Books International
5. Seetharaman S, & Dr. Anup Kumar Chand (2016) A survey of Rajasthani Miniature Painting (15th -17th C) IJASSH 1, (1), 86-97

*M. Des (P.D), Poornima University, Jaipur (Raj.) INDIA

टोंक (राजस्थान) के नमदा हस्तशिल्पियों की पारिवारिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. शर्मिला गुर्जर *

शोध सारांश – राजस्थान के टोंक जिले में निवाई, मालपुरा और टोंक क्षेत्र में भेड़ की ऊँन से नमदा हस्तशिल्प बनाने का कार्य होता है। यह हस्तशिल्प भारत की विरासत है। यहाँ के स्त्री–पुरुष अपनी उपजीविका चलाने अर्थात् परिवार के सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह कार्य करते हैं। प्रस्तुत शोध में नमदा हस्तशिल्पियों के परिवार, उनकी शैक्षणिक स्थिति और परिवार की आर्थिक स्थिति का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।
शब्द कुंजी – नमदा हस्तशिल्प, हस्तशिल्पी।

प्रस्तावना – राजस्थान का नमदा हस्तशिल्प प्राचीन है व उसकी अपनी परम्परा है। वर्तमान में प्राय: टोंक शहर में ही नमदे बनते हैं। परम्परागत नमदों के अलावा कई अन्य सजावटी और उपयोगी उत्पाद बनाए जाने लगे हैं। ये उत्पाद हाथ से बनते हैं और सम्पूर्णत: हस्तशिल्पियों की क्षमता पर निर्भर होते है।

'नमदा' मूलत: वह हस्तशिल्प है, जिसे जमीन पर कालीन के रूप में बिछाने के लिए ऊनी रेशों को जमाकर फेल्टिंग की क्रिया करके बनाया जाता है। परम्परागत पद्धति में इसको बनाने में मानवी श्रम और कौशल का भरपूर उपयोग होता है। ताप और दाब से नमीयुक्त अवस्था में ऊनी रेशों को जमाकर तथा हाथ और कोहनियों से पूरी ताकत से रगड़ते हुए इसे सपाट वस्त्र का रूप दिया जाता है। वांछित मोटाई का वस्त्र बनने के बाद इस पर रंगाई करने के पश्चात् कटाई, सिलाई, एप्लिक, पैचवर्क, कशीदाकारी आदि क्रियाओं से सुन्दर अलंकृत, वैविध्यपूर्ण तथा उपयोगी और सजावटी वस्तुएं बनाई जाती हैं। स्त्री और पुरुष हस्तशिल्पियों द्वारा ये सारे कार्य किए जाते हैं और स्थानीय ग्राहक, स्थानीय व्यापारी, बायर/एक्सपोर्टर को मांग के अनुसार बेचा जाता है।

शोध के उद्देश्य–

- टोंक जिले के वह क्षेत्र जहां नमदा हस्तशिल्प उद्योग के रूप में चल रहा है, की जानकारी लेना।
- हस्तशिल्प बनाने में स्त्री और पुरुषों की भागीदारी को समझना।
- हस्तशिल्पियों की पारिवारिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति को समझना।

अध्ययन विधि –

विश्लेषणात्मक एवं वर्णनात्मक है।

प्रतिदर्श क्रिया विधि – टोंक जिले का जिला उद्योग केन्द्र से अधिकृत प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 इकाईयां पंजीकृत हैं। एम.एस.एम.ई. के रिपोर्ट के अनुसार यहाँ 300 हस्तशिल्पी नमदे सम्बन्धित कार्य कर रहे हैं। वर्तमान अध्ययन के लिए कुल 155 हस्तशिल्पियों का सरल यादृच्छ प्रतिदर्श पद्धति से चयन किया गया है।

तालिका 1 से स्पष्ट होता है कि प्रत्येक स्थान के पुरुष एवं स्त्री हस्तशिल्पियों की संख्या अलग–अलग है।

तलिका–1 उत्तरदाताओं का चयन **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

तालिका 1 में दर्शाए गए अनुसार टोंक जिले के चयनित क्षेत्र का आधार यह है कि जहां नमदा हस्तशिल्प सम्बन्धित कार्य करने वाले लोग पाए गए। टोंक शहर का पुरानी टोंक नामक परिसर छोटी–छोटी गलियों वाला है। यहां के अधिकतर लोगों के अपने छोटे–बड़े मकान जो दादा परदादाओं के बने हुए है। इनमें से कुछ लोग अपने ही घर में नमदा निर्माण कार्य एवं अलंकरण का कार्य करते हैं।

ऊँन की पिंदाई से लेकर हाथों से नमदा पाटने (बनाने) का कार्य कुछ घर के सदस्य या अन्य हस्तशिल्पी मासिक आय लेकर करते है। रिको इण्डस्ट्रीयल एरिया और जयपुर रोड़ स्थित फैक्ट्रियों में कुछ स्त्री–पुरुष नमदा सम्बन्धित कार्य करने हेतु जाते है। यहां ऊँन की पिंदाई से लेकर हाथों से मशीनों द्वारा नमदा बनाने का कार्य होता है। टोंक के अन्य हिस्सों में नमदा बेचने का कार्य होता है। यहां कोई कारीगर नहीं रहते। केवल अन्य निर्माता और व्यापारियों से तैयार अलंकृत नमदा उत्पाद लेकर इन्हें प्रदर्शनियों द्वारा बेचने का कार्य करते हैं।

टोंक के पास भरनी गांव ऐसा है, जहां की प्राय: औरते नमदा अलंकरण का कार्य करती है और पुरुष टोंक से कच्चा माल लाने और तैयार माल पहुंचाने के कार्य में उनका हाथ बढ़ाते है। खाली समय में वे खुद भी अलंकरण का कार्य करती है।

निवाई की शिवाजी कोलोनी में केवल तैयार नमदे पर अलंकरण का कार्य होता है। वहां के हस्तशिल्पियों का प्रतिशत अत्यंत अल्प है। मालपुरा कभी टोंक शहर जितना ही नमदा हस्तशिल्प लिए प्रसिद्ध था। अब यहां की केवल 7.74 प्रतिशत स्त्री हस्तशिल्पी टोंक से तैयार अलंकृत नमदे लाकर बेचती है या कभी कभी अलंकरण का कार्य भी करती है। यहां के सभी पुरुष हस्तशिल्पी अब अन्यत्र नौकरी करते है। कुछ हस्तशिल्पी परिवार के साथ टोंक में आकर बसने की जानकारी मिली।

समंक संकलन विधि– यादृच्छ पद्धति से द्वितीयक स्रोतों में शोध पत्रिकाएँ, शोध पर्चे, वार्षिक व अन्य प्रतिवेदन, सरकारी व गैर सरकारी शोध/संस्थाओं के प्रतिवेदन (रिपोर्ट), संग्रहालय व मेले आदि से जानकारी प्राप्त की गयी।

विश्लेषण एवं परिणाम –

तालिका– 2 स्त्री एवं पुरुष नमदा हस्तशिल्पि

* एसोसिएट प्रोफेसर, वनस्थली इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, वनस्थली विद्यापीठ (राज.) भारत

क्रम	लिंग	संख्या	प्रतिशत
1	पुरुष	68	43.9
2	स्त्री	87	56.1

तालिका 2 से टोंक जिले में नमदा हस्तशिल्प सम्बन्धित कार्य करने वाले स्त्री–पुरुषों की भागीदारी का पता चलता है। 155 हस्तशिल्पियों में से 56.1 प्रतिशत स्त्रियां है जो अधिकतर घर और कुछ फैक्ट्री जाकर कार्य करने वाली है। यह प्रमाण अधिक इसलिए भी है क्योंकि नमदा या उससे बने उत्पाद लाकर उन पर अलंकरण करने का कार्य घर पर हो सकता है। अधिकतर पुरुषों द्वारा केवल नमदा पीटना (बनाना), ऊन की पिंदाई आदि कार्य फैक्ट्रियों में ही होते है।

तालिका– 3 नमदा हस्तशिल्प में धर्मानुसार भागीदारी

क्रम	धर्म	संख्या	प्रतिशत
1	हिन्दू	85	54.8
2	मुस्लिम	70	45.2

तालिका 3 से पता चलता है कि टोंक जिले में अधिकतर हिन्दु और मुस्लिम दोनों धर्मों के परिवारों में नमदा बनाने तथा उस पर अलंकरण करने का कार्य पीढ़ी दर पीढ़ी होता आया है। हिन्दु परिवारों में पुरुषों के साथ स्त्रियाँ घर से बाहर फैक्ट्री जाकर कार्य करती है। मुस्लिम धर्म के परिवारों में केवल पुरुष बाहर कार्य करने जाते है और स्त्रियां घर पर रहकर कार्य करती है। अत: कुल 155 हस्तशिल्पियों में 54.8 प्रतिशत हिन्दु हस्तशिल्पि व 45.2 प्रतिशत मुस्लिम हस्तशिल्पि कार्य करते हैं।

तालिका– 4 नमदा हस्तशिल्पी की आयु मर्यादा

क्रम	आयु	संख्या	प्रतिशत
1	25 से कम	30	19.4
2	25 से 50	109	70.3
3	50 से अधिक	16	10.3

तालिका 4 से पता चलता है कि नमदा हस्तशिल्पियां की आयु के अनुसार भागीदारी का पता चलता है। 25 से 50 वर्ष की आयु के हस्तशिल्पी संख्या में अधिक है। जिनकी आयु 50 से अधिक है उनकी संख्या सबसे कम है। यथा– 25 से कम आयु के हस्तशिल्पियों की संख्या भी कम है। शोध के दौरान इस तथ्य को पाया गया कि वर्तमान में तीन पीढ़ियां कार्य कर रही है। नमदा बनाने का कार्य अधिक कष्टदायी है जिसमें शारीरिक ताकत अधिक लगती है। अत: इसमें जो बुजुर्ग है, वह मजबूरी की वजह से या स्वस्थ लोग ही कार्य करते है। 25 से कम आयु के लोग जो तीसरी पीढ़ी के है, इस कार्य में कम संख्या में होना यह दर्शाते है कि नई पीढ़ी है वह मेहनत का काम पसंद नहीं करते और अन्य पढ़ाई या नौकरी करने के प्रति इच्छुक है।

तालिका– 5 हस्तशिल्पियों का शैक्षिक स्तर

क्रम	शैक्षिक स्तर	संख्या	प्रतिशत
1	अनपढ़	68	43.9
2	प्राथमिक	49	31.6
3	माध्यमिक	30	19.4
4	उच्च माध्यमिक	06	3.9
5	स्नातक	01	0.6
6	स्नातकोत्तर	01	0.6

नमदा हस्तशिल्पियों का शैक्षिक स्तर अत्यंत निम्न पाया गया। तालिका 5 से पता चलता है कि अनपढ़ हस्तशिल्पियों का सबसे अधिक प्रतिशत है। इनमें अधिकतर बुजुर्ग, स्त्री–पुरुष का समावेश भी है। मध्य पीढ़ी में पढ़ने का स्तर काफी कम है। पर रोज के व्यावहारिक कार्य यह आसानी से कर पाते है। इस पीढ़ी में प्राथमिक, माध्यमिक कक्षा तक पढ़े हुए स्त्री–पुरुष हस्तशिल्पियों का समावेश हैं, उच्च माध्यमिक या स्नातक और स्नातकोत्तर पढ़े हुए हस्तशिल्पियों की संख्या नई पीढ़ी में भी कम पाई गई।
तालिका– 6 **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

तालिका 6 से हस्तशिल्पियों की परिवार रचना और उसके घर के सदस्यों की संख्या का पता चलता है। वर्तमान में संयुक्त परिवार में रहने वाले हस्तशिल्पियों का प्रतिशत अधिक है। जो हस्तशिल्पी संयुक्त परिवार में रहते है अर्थात् उनके घर के सदस्यों की संख्या अधिक होगी। ऐसे 70 और 16 परिवार है। जहां सदस्यों की संख्या 5–10 या 10 से अधिक है।

तालिका– 7 परिवार की मासिक आय

क्रम	परिवार की आय	संख्या	प्रतिशत
1	1000 से 5000 रुपये	10	6.5
2	5000 से 10,000 रुपये	86	55.5
3	10,000 से 20,000 रुपये	58	37.4
4	20,000 से अधिक	01	0.6

तालिका 7 से पता चलता है कि अधिकतर परिवार की कुल मासिक आय 5000 से 10000 रुपये या 10000 से 20000 रुपये है। कुछ ऐसे हस्तशिल्पी है जो अत्यन्त गरीब ह अल्प आय में उन्हें घर चलाना पड़ता है। 20,000 रुपये से अधिक आय वाले परिवारों का प्रतिशत मात्र 0.6 है।

तालिका– 8 घर के अन्य सदस्यों का व्यवसाय

क्रम	परिवार की आय	संख्या	प्रतिशत
1	नौकरी	51	32.90
2	मजदूरी	82	52.90
3	पढ़ाई	14	9.04
4	कुछ नहीं	08	5.16

तालिका 8 से ज्ञात होता है कि घर के अन्य सदस्यों में कुछ नौकरी या मजदूरी जैसे कार्य और बच्चे पढ़ने वाले है। संभवत: महिला या बुजुर्ग घर पर ही रहते है। जो कुछ नहीं करते उनका प्रतिशत 5.16 पढ़े लिखे होने के बावजूद कुछ मजदूरी या अन्य नौकरी करते हैं।

तालिका– 9 बच्चों की शैक्षणिक स्थिति

क्रम	परिवार की आय	संख्या	प्रतिशत
1	अनपढ़	16	10.3
2	प्राथमिक	44	28.4
3	माध्यमिक	76	49.03
4	उच्च माध्यमिक	12	7.74
5	स्नातक	03	1.93
6	स्नातकोत्तर	02	1.3
7	बच्चें नहीं	02	1.3

तालिका 9 से पता चलता है कि हस्तशिल्पी स्वयं अनपढ़ या कम पढ़े लिखे है परन्तु अपने बच्चों को वे शिक्षा दे रहे हैं और उनके बच्चे भी पढ़ रहे है। प्राथमिक और माध्यमिक पढ़ने वाले बच्चों का कुल प्रतिशत 77.43 प्रतिशत है जो अनपढ़ या अन्य उच्च कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की अपेक्षा कई अधिक है। अर्थात् यह आज की पीढ़ि के भी है जो खुद भी शिक्षा का महत्व जानते हैं।

निष्कर्ष – टोंक जिले में नमदा हस्तशिल्प उद्योग प्राय: असंगठित रूप से चल रहा है। टोंक जिले के 7 तहसीलों– टोंक, निवाई, पीपलू, देवली, उनियारा,

टोडारायसिंह, मालपुरा में से 3 तहसीलें – निवाई, मालपुरा, टोंक में यह चल रहा है। नमदा हस्तशिल्पी शिक्षित न होने की वजह से केवल हुनर के आधार पर या घर चलाने हेतु नमदे समबन्धित कार्य करता है। परिवार के सदस्यों की संख्या अधिकार होना तथा घर के अन्य सदस्यों का घर चलाने के लिए योगदान होना यह बाते उसके पारिवारिक, आर्थिक स्थिति पर प्रभाव डालती है। कार्य स्त्री–पुरुषों में बंटा हुआ है। अत: स्त्रियां भी घर या फैक्ट्री जाकर अपना यागदान देती है। हस्तशिल्पियों में पढ़ाई का स्तर निम्न है परन्तु उनके बच्चे अब पढ़ रहे हैं।

सुझाव – वर्तमान स्थिति में सरकारी योजनाओं का लाभ होते हुए हस्तशिल्पी खुद अपने जीवन स्तर तथा बच्चों के शैक्षणिक स्थिति में सुधार ला सकते हैं। परन्तु परिवार की जीविका चलाने हेतु जी तोड़ मेहनत के साथ इस विरासत को आगे चलाने के लिए उन्हें अपने बच्चों को भी इस हुनर का परिचय देना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. स्वयं शोध के आधाार पर।

तलिका–1 उत्तरदाताओं का चयन

उत्तरदाता	टोंक तहसील							निवाई	मालपुरा	कुल
	गाँव	टोंक शहर								
	भरनी	पुरानी टोंक	रिको ई.	जयपुर रोड़	सिंधी कॉलोनी	रा.हा. बो.कॉ.	इन्द्रा कॉलोनी	शिवाजी कॉलोनी	ज्योति मार्केट	
हस्तशिल्पी	18	100	15	5	0	0	0	5	12	155
पुरुष एवं स्त्री	(2+16)	(50+50)	(10+5)	(4+1)	(0)	(0)	(0)	(2+3)	(0+12)	(68+87)

तालिका– 6 हस्तशिल्पियों की परिवार रचना परिवार आकार

क्रम	परिवार रचना	संख्या	प्रतिशत	परिवार आकार	संख्या	प्रतिशत
1	एकल	71	45.81	5 से कम सदस्य	69	44.5
2	संयुक्त	84	54.19	5–10 सदस्य	70	45.2
3	–	–	–	10 से अधिक सदस्य	16	10.3

****

भारत की पारंपरिक कशीदाकारी

प्रो. देवहुती खण्डाईत *

प्रस्तावना – कशीदाकारी एक ऐसी कला हैं जो विभिन्न प्रकार के सूती, रेशम और ऊन्नी वस्त्रों पर सुई धागे की सहायता से विभिन्न प्रकार से की जाती हैं। यह वस्त्रों पर एक प्रकार से सज्जा कार्य हैं, जिससे कि वस्त्रों की सुंदरता बढ़ जाती हैं।

भारत की सांस्कृतिक धरोहर में कढ़ाई और बुनाई का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान हैं। भारतीय वस्त्रों में कढ़ाई, छपाई और बुनाई कलाएं भारतीय परम्पराओं और रीति रिवाजों के प्रभावों से विकसित और समृद्ध हुई हैं। भारत एक ऐसा देश हैं, जिसमें विभिन्न जाति, धर्म, रीति–रिवाजों और परम्पराओं के मानने वाले लोग रहते हैं। इसका सीधा प्रभाव कढ़ाई और बुनाई के शिल्पों में दिखाई देता हैं।

कशीदाकारी का इतिहास – भारत में कशीदाकारी की अनेकों कलाएं थी। ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जिनसे यह सिद्ध होता हैं कि हाथ से काढे और बुने गए वस्त्रों का उपयोग ईसा पूर्व 5000 से 2500 वर्ष की अवधि में पूर्व वैदिक और वैदिक युग में किया जाता था। पुरातत्व की खोजो से पता चला हैं कि सिन्धु घाटी सभ्यता की कुछ प्रतिमाएं ऐसी प्राप्त हुई हैं, जो सुन्दर कशीदाकारी एवं फुलवारी वाले सुसज्जित वस्त्र पहन हुए हैं, जिनसे इस शिल्प की श्रेष्ठता का परिचय मिल जाता हैं।

महत्व – भारत की प्राचीन कशीदाकारी की परम्परागत शैलियों के नमुनों का बहुत महत्व हैं। वर्तमान में परम्परागत शैली की कढाई के वस्त्रों की मांग बढ रही हैं। इसके अतिरिक्त व्यापारिक स्तर पर नई–नई डिजाइन की कशीदाकारी के नमूनों की मांग भी देश में और विदेश में बढ़ रही हैं। इस प्रकार की प्रगति से भारतीय कशीदाकारी के उज्जवल भविष्य की कल्पना की जा सकती हैं।

भारत की पारंपरिक कशीदाकारी–

1. कश्मीर की कशीदाकारी
2. पंजाब की फुलकारी
3. लखनऊ की चिकनकारी
4. बंगाल का कांथा
5. कर्नाटक की कसूती

1. कश्मीर की कशीदाकारी – परिचय– कश्मीर के साल दुशाल और गलीचा की कशीदाकारी सारे संसार में विख्यात हैं। सुई और धागे से कश्मीर के कारगर साल, दुशाल और कालीन पर कमाल की कढ़ाई करते हैं। कश्मीर के प्राकृतिक वातावरण का वहां की कशीदाकारी के चित्रों पर बढा प्रभाव हैं। यहां की कशीदाकारी लघु उद्योग के रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी होती आयी हैं। इस कार्य में व्यापारिक तौर पर मुख्यत: पुरूष वर्ग ही लगा हुआ हैं।

इतिहास – श्रीमति कमला एस डोंगरकरी के अनुसार कश्मीर में शाल उद्योग 15 शताब्दी (सन् 1423 से 1474 ई) के शासक जैन–उल–अबैदीन द्वारा शुरू कराया गया था। जब वह राजकुमार थे तो उन्हें समरकंद में पकड लिया गया था वहां विभिन्न कारीगर इस तरह की कशीदाकारी का कार्य करते थे। जैन–उल–अबैदीन वापस लौटे तो उन्होंने उन प्रतिभाशाली कारीगरों को कश्मीर बुलवाया और इस तरह फारस के शाल बनाने वाले कश्मीर लाए गए और इस कला को प्रोत्साहित किया गया।

अबूल फेजल की आइने अकबरी में भी कश्मीरी शालो का उल्लेख हैं, जिसमें लेखक ने अकबर को शाल और दोशाल की प्रशंसा करने वाला शहंशाह बताया हैं। बादशाह अकबर ने नए प्रकार के शालों को बनवाया, इसको दुशाल कहा जाता था। दुशालें में दो शाल इस प्रकार बुने हुए होते थे कि वे एक ही लगते थे।

कश्मीरी कशीदाकारी की प्रमुख शैलियाँ–

1. **जलकदोजी –** जंजीर टाको की शैली हैं।
2. **सुजनी –** इस प्रकार की कशीदाकारी उत्तम प्रकार के वस्त्रों पर की जाती हैं। इसे तीन प्रकार के टाकों से काढा जाता हैं।
3. **वाटचिकन –** इस तरह की कशीदाकारी काज टॉके से की जाती हैं।
4. **दो रूखा पद्धति –** इस तरह की कशीदाकारी दो तरफी होती हैं। इसमें उल्टा सीधा एक समान होता हैं।
5. **जाली की कढाई –** इस प्रकार की कशीदाकारी प्राकृतिक दृश्यों को बनाने के लिए प्रयुक्त की जाती हैं

कश्मीरी शाल के प्रकार–

1. **पश्मीना शाल –** ये कश्मीरी शालों में सबसे अच्छी किस्म की शाल होती हैं।
2. **दुशाल –** जोडों में बनाएं जाने वाले शालों को दुशाला कहते हैं।
3. **दोरूखा –** इस प्रकार के शाल दोनों तरफ समान होते हैं।
4. **कसावा –** ये शाल आकार में वर्गाकार होते हैं, इन्हें एक रंग में काढ़ा जाता हैं।
5. **जामवार –** इनको या तो पूरी तरह ऊन अथवा सूत के साथ मिलाकर तैयार किया जाता हैं। लेकिन फूलों की डिजाइने और जरी की कढाई रेशमी धागे या पश्मीने के ऊन से की जाती हैं।

कश्मीरी कशीदाकारी में उपयुक्त होने वाले टाँके –

1. भरवा टाका
2. डंडी टाका
3. जंजीर टाका
4. पंजाब की फुलकारी

परिचय – फुलकारी का शाब्दिक अर्थ हैं फूलो का शिल्प। फुलकारी में

* अतिथि विद्वान, शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

मुख्य रूप से ज्यामितीय नमूनों का उपयोग किया जाता हैं।

इतिहास – इस कशीदाकारी की उत्पत्ति के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं हैं कुछ लोगों का कहना हैं कि खानाबदोश गुज्जर जाति के लोग इस कशीदाकारी को मध्य एशिया से लाए थे। कुछ लोग का विचार हैं कि फारस के उन मुसलमान ने इस कशीदाकारी को जन्म दिया है, जो कश्मीर में बसे थे।

पंजाब में फूलकारी कढ़ाई को नववधु के वस्त्रों में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हैं। विवाह से सम्बन्धित प्रत्येक महत्वपूर्ण रस्म के अवसर पर एक विशेष प्रकार का बाग पहना जाता हैं। बाग एक विशेष प्रकार का शाल होता हैं। विवाह के पूर्व कन्या की मां या नानी द्वारा चोप की कढ़ाई किसी शुभ मुहूर्त में प्रारम्भ की जाती हैं। चोप एक बड़ा शाल होता हैं। जो विवाह के अवसर पर वधु द्वारा ओढ़ा जाता हैं।

फलकारी के प्रकार –

1. चोप और सुबर	2. थिरम
3. दर्शन द्वार	4. बावन बाग
5. वरिदाबाग	6. सूरजमूखी
7. कुंडी बाग	8. पंचरंगा
9. सतरंगा	10. मीनाकारी
11. तिल पत्र	12. नीलक
13. घूघंट बाग	14. छमास
15. सेंची	16. सालू

फूलकारी में प्रयुक्त होने वाले टाँके – मुख्य रूप से फूलकारी मे भरवा टाँका व रफू टाँका का उपयोग किया जाता है।

3 लखनऊ की चिकनकारी

परिचय – यह चिकनकारी लखनऊ की प्रमुख शैली हैं।

इतिहास – मुगल बादशाह जहाँगीर की पत्नी नूरजहाँ ईरान से यह कशीदाकारी सीख कर आई थी उन्होंने इसे शुरू करवाया था। दूसरी धारणा यह हैं कि नूरजहाँ की बांदीं बिस्मिल्लाह दिल्ली से लखनऊ आई उसने हुनर का प्रदर्शन किया।

प्रसिद्ध कारिगर – उस्ताद फयाज खां और हसन मिर्जा साहिब

चिकनकारी की प्रमुख शैलियाँ – चिकनकारी में 36 प्रकार की शैलियां बनाई जाती हैं जिनमें कुछ इस प्रकार हैं

1. **तैप्ची –** यह कढाई सस्ते काम में प्रयुक्त की जाती हैं। सामान्यत: इसमें रफू टांके प्रयुक्त किए जाते हैं।
2. **कटाओ –** इस प्रकार की कढाई कैलिको मील के समान कपडे पर की जाती हैं। यह मुख्य रूप से चिकन का छापाकारी कार्य हैं जो उभरे हुए प्रभाव को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होता हैं।
3. **बखिया –** यह कशीदाकारी की ऐसी शैली हैं, जो वस्त्र के ऊपर खींची हुई डिजाइन पर उल्टे भरवां टांके से की जाती हैं।.
4. **मुर्री –** यह बुनी हुई कशीदाकारी की एक शैली हैं। मुर्री का तात्पर्य चावल की आकृति से हैं यह कशीदाकारी मलमल नामक बारीक कपडें पर की जाती हैं।
5. **फंदा –** यह चिकनकारी की एक शैली हैं, जो ज्वार के दाने के समान दिखाई देती हैं। यह भी एक उभरी हुई गांठ वाली शैली हैं।
6. **जाली का काम –** जाली का काम धागे की सहायता से किया जाता हैं। इसमें सामान्य रूप से वस्त्र को छोटे छोटे छेदों के रूप में बना लिया जाता हैं। इसके बाद उन छेदों में उपयुक्त काज टांके आदि की सहायता से कढाई की जाती हैं।
7. नेगी
8. बिजली
9. पेची
10. बखिया
4. बंगाल का कांथा

परिचय – बंगाल में कांथा शब्द से तात्पर्य वस्त्र या किसी प्रकार के कपडे के टुकडें से हैं। कांथा पुरानी साडियाँ, धोतियों और पुराने वस्त्र के टुकडों को जोडकर तह पर तह लगा कर बनाए जाते हैं।

इतिहास – कांथा का निर्माण परम्परागत रूप से प्राचीन काल से होता आया हैं। लेकिन इनके नमूने 18 वीं शताब्दी के ही मिलते हैं, एक प्राचीन कांथा वर्ष 1875 का मिला हैं।

शैलियाँ –

1. **सरफणी –** यह रस्मों के प्रयोजनों को पूरा करने के सिलसिले में ढंकने और लपेटने के काम आते हैं।
2. **रूमाल –** यह बारह इंच का वर्गाकार रूमाल होता हैं। केन्द्र में कमल की कढाई होती हैं।
3. **आरसीलता –** इस प्रकार के कांथा दर्पणों और कंघियों को रखने या लपेटने के काम में लाये जाते हैं। ये आयताकार होते हैं। जिनकी लम्बाई लगभग बारह इंच और चौडाई आठ इंच होती हैं।
4. **सुजनी –** सुजनी का उपयोग धार्मिक अवसरों और त्यौहारों पर बिछाने के लिए किया जाता हैं। यह आयताकार छ: फूट लम्बा और तीन फूट चौडा होता हैं।
5. **दुर्जनी –** इसे थैली भी कहते हैं। यह वर्गाकार होती हैं। लेकिन इसे इस तरह सिला जाता हैं कि यह लिफाफे की तरह दिखती हैं।
6. **लेप –** यह जाडे में ओढने के काम आने वाला एक मोटा कांथा हैं।
7. **बेटन –** इस प्रकार के कांथा को किताबों और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं को लपेटने के काम में लाया जाता हैं। ऐसे कांथा तीन फूट के वर्गाकार होते हैं।
8. **ओर –** इस प्रकार के कांथा आयताकार लगभग दो फूट लम्बे और डेढ फूट चौडे होते हैं। सामान्यत: ऐसे कांथा तकिया के गिलाफ के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं।

टाके – रनिंग टाका, जंजीर टांके, रॅफ टाका , फंदे वाला टाका, डंडी टांके।

5. कर्नाटक की कसूती

परिचय– कर्नाटक में प्रारंभ से पीढी दर पीढी इस कला का ज्ञान परिचित किया जाता रहा हैं। कसूती शब्द कन्नड़ भाषा का हैं जिसका अर्थ हैं कशीदाकारी।

इतिहास – कर्नाटक में प्रारंभ से पीढ़ी दर पीढ़ी इस कला का ज्ञान प्रचलित किया जाता रहा हैं। फुरसत के समय दादी माताएं लड़किया बहुएं और पडोसन सभी कसूती कार्य के लिए आंगन में बैठकर कसूती पर कलात्मक चर्चा और कार्य करती रही हैं। इस तरह से कसूती कला का कार्य गांव में आज भी देखने को मिलता हैं।

शैलियां–

गावन्ती – गावन्ती शब्द कन्नड़ भाषा का हैं जिसका अर्थ गांठ हैं।

मुर्गी – यह कढाई सीढ़ीदार दिखाई देती हैं क्योंकि इसमें टांके आगे पीछे होते दिखाई देते हैं।

नेगी – इसमें सामान्यत: रफू टांके होते हैं। नेगी शब्द संभवत: कन्नड़ भाषा में यनेय शब्द से विकसित हुआ हैं, जिसका तात्पर्य बुनने से हैं।

मैथी – यह एक सामान्यत: दो सूरी टांका हैं। इस तरह की कढाई आमतौर से देखने में भारी लगती हैं और इसमें अधिक मात्रा में धागा लगता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सिंह डॉ. बृन्दा (2005) वस्त्र एवं परिधान जयपुर पंचशील प्रकाशन
2. पाटनी डॉ. मंजु (2008) वस्त्र विज्ञान, परिधान एवं विपणन
3. https://www/craftsvilla.com>blog/famous indian embroidery styles: chikankari, zardosi and kantha.
4. https://books.google.co.in>books>about traditional embroidery of india-shailaja D.naik-google books.

****

फैशन से संबंधित आलोचनाएं एवं टिप्पणियां

प्रो. प्रियंका येशीकर *

प्रस्तावना – आलोचनाएं– फैशन ड्रेस अशिष्ट होते हैं और नैतिक पतन का माध्यम हैं।

टिप्पणी– बेशक कुछ ऐसे डिजाइनर हैं, जो अपने फैशन ड्रेसों में अश्लीलता का सहारा लेते हैं और नैतिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं कुछ ड्रेसों के द्वारा सेक्स का खुला दुरूपयोग और नारी देह का नग्न अर्द्ध नग्न प्रदर्शन किया जाता हैं। लेकिन ऐसे फैशन ड्रेस का प्रतिशत काफी कम हैं, अधिकांश डिजाइनर बाजार में अपनी अच्छी साख बनाए रखने के बारे में सदैव सजग रहते हैं और इसलिए वे कभी भी मर्यादों और नैतिकता की सीमाओं को तोडकर अपनी ड्रेसेस नहीं बेचना चाहेंगे। क्या शिष्ट हैं और क्या अशिष्ट क्या नैतिक हैं और क्या अनैतिक वास्तव में इसका निर्णय करना बहुत कठिन काम हैं। तेजी से बदलते नैतिक मूल्यों के इस युग में जो कल तक बुरा या अशिष्ट था, इसे अब स्वीकार्य मान लिया गया हैं। आज से चार दशक पूर्व किसी भारतीय महिला द्वारा जींस पहनना या बाल कटवाना अशिष्ट माना जाता था लेकिन आज ऐसा करना आम बात हो गई हैं और इसमें कोई बुराई नहीं दिखाई देती हैं।

2. **आलोचना–** फैशन के परिणामस्वरूप ड्रेसेस अच्छी मिलती हैं। और उपभोक्ताओं को फैशन ड्रेसेस का अधिक मूल्य चुकाना पडता हैं।

टिप्पणी – यह सत्य हैं कि ड्रेसों पर होने वाले व्यय का भार उपभोक्ता पर ही पडता हैं। और निर्माता इस व्यय को वस्तु के उत्पादन मूल्य में जोडते हैं लेकिन अधिकांश मामलों में पाया गया हैं। कि वस्तु के कुल लागत मूल्य में ड्रेसेस व्यय का अंश लगभग नगण्य ही होता हैं। उनके बाद इसका भार उपभोक्ताओं को महसूस तक नहीं होता यदि निर्माता द्वारा सही ढंग से ड्रेस तैयार किया जाए तो उसके फलस्वरूप न केवल डिजाइनरों को आर्थिक लाभ पहुचता हैं। वरन् उपभोक्ताओं की बेचे जाने वाले माल के अन्तिम मूल्य में भी कमी आती हैं।

3. **आलोचना–** डिजाइनर अदृश्य हमलावर हैं, जो धिराकर उपभोक्ता के मन और मस्तिष्क पर अपनी इच्छा लादते हैं और उन्हें ऐसी चीजे खरीदने के लिए उकसाते हैं, जो उसकी पहुँच से बाहर हैं।

टिप्पणी – डिजाइनर कभी भी छिपकर काम नही करते डिजाइनर विज्ञापन के माध्यम से कम्पनी की ड्रेसों के बारे में लोगों को अवगत कराते हैं।

निश्चय ही फैशन ड्रेसेस के विज्ञापन में उपभोग को प्रोत्साहित किया हैं लेकिन डिजाइनर पर यह आरोप लगाना हैं कि ड्रेसेस के विज्ञापन लोगों को ऐसी चीजों के लिए उकसाते हैं, जिन्हें वे हासिल नही कर सकते बहुत उपयुक्त नजर नहीं आता। यदि जेब खाली हैं तो ड्रेसों का क्या करें। इच्छा कर लेने से ही तो सब कुछ हासिल नहीं हो जाता। फैशन ड्रेसेस के हिमायते का कहना तो यह हैं कि ड्रेसेस के विज्ञापनों ने लोगों को शिक्षित किया हैं उन्हें सुसंस्कृत बनाया हैं, इनकी वजह से उनके रहन–सहन और खान–पान से नवीनता, विविधता और परिष्कृति आई हैं। ड्रेसों या परिधान ने जीवन को रंगीन बनाया हैं, जिसका उददेश्य लोगों को अधिक संतोष और तृप्ति प्रदान करता हैं। फैशन के अनुसार जो व्यक्ति ड्रेसेस धारण करते है, उनमें आत्मविश्वास व आत्मसंतुष्टि प्राप्त होती हैं।

4. **आलोचना –** फैशन ड्रेस सामाजिक बुराई को बढावा देते हैं और ड्रेस उद्योग के पास समाज सुधार के लिए अपना कोई निश्चित कार्यक्रम नहीं हैं। टिप्पणी– फैशन ड्रेसेस अधिकतर सामाजिक बुराईयों को बढावा देते हैं। तथा क्योंकि आजकल ड्रेसेस शार्ट होने लगी हैं तथा ये ड्रेस छोटे होती हैं। तथा शरीर के कुछ अंग दिखाने वाले होते हैं। जो अपराधों को बढाव देते हैं। विज्ञापनों ने जनता को अनेक समाजिक बुराईयों से बचता हैं। कुछ ड्रेसेस ने उनहें अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया हैं। ऐसे ड्रेसों ने अच्छे स्वास्थ्य अच्छी बाते और अच्छी विचार शैली अपनाने की सलाह दी हैं।

5. **आलोचना –** ड्रेसों से राष्ट्रीय साधनों की बर्बादी होती हैं और इससे अर्थव्यवस्था को कोई खास लाभ नहीं मिलता इसलिए इस पर रोक लगाने की जरूरत हैं।

टिप्पणी – थोड़ी बहुत बरबादी तो हर विद्या में होती हैं, शिक्षा हो या स्वास्थ्य, कृषि हो या सिंचाई, हरेक में कुछ न कुछ नुकसान और बरबादी जरूर होती हैं इसलिए वस्त्र उद्योग में थोडी सी बरबादी को स्वाभाविक माना गया हैं। ड्रेसों में थोडी बहुत बरबादी इसलिए होती हैं क्योंकि यह ड्रेस न होकर ड्रेस को आकर्षण बनाने की एक कला हैं, जहां अर्थव्यवस्था में वस्त्र के योगदान का प्रश्न हैं, उसे कोई आलोचक नकार नहीं सकता रूस और चीन अमेरिका भारत जैसे साम्यवादी अर्थव्यवस्था वाले देशों में भी अब परिधान या वस्त्रों के योगदान से पहचान कर ली गई हैं। न केवल औद्योगिक विकास के क्षेत्र में वरन् हरित क्रान्ति के क्षेत्र में भी परिधान का महत्वपूर्ण योगदान हैं। परिधान अर्थव्यवस्था को आधार और विस्तार प्रदान करते हैं और इसलिए इस पर किसी भी प्रकार की रोक लगाना उपयुक्त नहीं हैं।

फैशन बिजनेस पर प्रभाव – फैशन बिजनेस पर प्रभाव डालने वाले कारक निम्नलिखित हैं –

1. **शिक्षा –** शिक्षा व्यक्ति के मानसिक स्तर को ऊँचा उठाती हैं। उसके अन्दर कुछ अलग हट कर दिखने की भावना होती हैं। व्यक्ति फैशन के बारे में जानकारी रखता हैं और फैशन को अपनाता हैं। वह अशिक्षित व्यक्तियों से फैशन के मामले में चार कदम आगे होता हैं , अशिक्षित व्यक्ति फैशन का अनुसरण तो करते हैं परन्तु कुछ विलम्ब से करते हैं इस तरह शिक्षा भी फैशन बिजनेस को प्रभावित करते हैं।

2. **व्यवसाय –** व्यक्ति के व्यवसाय से फैशन प्रभावित होता हैं, अगर

*अतिथि विद्वान, शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

व्यक्ति शारीरिक श्रम करता हैं और आय कम हैं तो वह फैशन को अपनाने में सक्षम होता हैं जबकि उच्च स्तर का मानसिक कार्य करने वाला, अधिक आय वाले व्यवसाय में संलग्न व्यक्ति को शीघ्रता से अपनाता हैं।

3. डिजाइन – उत्पादन वस्तु का रंग रूप डिजाइन आकार पुरानी डिजाइनों से अधिक श्रेष्ठ हैं। तो उसे लोग अपनाते हैं और डिजाइन में समानता होने पर उसे लोग के द्वारा पसन्द नहीं किया जाता हैं।

4. तकनीकी – तकनीकी विकास के साथ संचार माध्यमों का विकास होने से कोई भी अच्छी शैली को उपभोक्ता विश्व स्तर पर जान पाते हैं देख पाते हैं। फलस्वरूप उस शैली को अपना भी लेते हैं। तकनीकी विकास के अभाव में फैशन के प्रसार की गति अत्यधिक धीमी हो जाती हैं। जैसे– दूरदर्शन के माध्यम से पेरिस में प्रचलित परिधानों को भारतवासी, पाकिस्तानी, चीनी, रूसी व विश्व के सारे उपभोक्ता एक साथ अपना सकते हैं।

5. उद्यमी प्रतियोगिता – उत्पादकों अथवा उद्यमियों में प्रतियोगिता के कारण फैशन बिजनेस प्रभावी होता हैं। उत्पादक अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से एवं उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए निर्मित माल के रंग, रूप, आकार, प्रकार में परिवर्तन करके फैशन में परिवर्तन में प्रेरणा प्रदान करते हैं।

फैशन ड्रेसेस के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव –

1. सकारात्मक प्रभाव –

1. फैशन शो – फैशन शो के द्वारा डिजाइनर अपने पोशाकों को प्रदर्शित की जाती हैं परन्तु फिल्म, समाचार, पत्र–पत्रिकाओं के द्वारा प्रचार करते हैं। साथ ही लाइव टेलिकास्ट के द्वारा आम आदमी इन डिजाइनरों की ड्रेसों को देख सकते हैं, जिसके द्वारा व्यक्ति वही पर ड्रेस पसंद करके ड्रेस खरीदने का ऑर्डर दे देते हैं।

2. क्रियात्मकता – फैशन डिजाइनर लोगों की इच्छा को जानकर उन्हीं के अनुसार ड्रेस तैयार करते हैं तथा वह ड्रेसों को आकर्षक व सुंदर बेचने के लिए ड्रेसों में परिवर्तन करते हैं।

3. सृजनात्मकता या नवीनता – एक लंबे समय से एक सा जीवनयापन करने से नीरसता आने लगती हैं ।अत: व्यक्ति परिवर्तन चाहता हैं और नवीनता की इच्छा रखता हैं। परिवर्तन और नवीनता की इच्छा के कारण फैशन की उत्पत्ति होती हैं। मनुष्य अपने जीवन में फैशन के माध्यम सरसता लाता हैं।

4. डिजाइन – आज के समय में डिजाइनर ड्रेसों पर सुंदर–सुंदर नमुने व इॅम्ब्रायडरी करने लगे तथा कुछ डिजाइनर नीचे के लोगों के परिधान देखकर भी जो पहले के समय में पहनते वही नमुने व एम्ब्रायडर अब के परिधान में यूज किया जाने लगा हैं यू कह सकते हैं कि पुराने डिजाइन अब फिर से या फैशन फिर से आ गया हैं।

2. नकारात्मक प्रभाव –

1. युवा द्वारा पाने की कल्पना – युवा वर्ग के लडके फंक्शन के अनुसार ड्रेसों को पहनना पसंद करते हैं तथा उसे पाने की कोशिश करते हैं।

2. महंगी – जब ड्रेसों के साथ डिजाइनरों का नाम जुड जाता हैं। तब वह ड्रेस महंगी हो जाती हैं। जिसके कारण वह उसे खरीदने में असमर्थ होते हैं।

3. अशिष्ट ड्रेस – कुछ डिजाइनर इस तरह के ड्रेस तैयार करते हैं। जो समाज स्वीकार नहीं करता हैं जो अशिष्ट व अनैतिक होता हैं। ये डिजाइनर ड्रेसों में अश्लीलता का सहारा लेते हैं। कुछ ड्रेसों के द्वारा सेक्स का खुला दुरूपयोग और नारी देह का नग्न व अर्द्धनग्न प्रदर्शन करते हैं।

4. अपराध – इस तरह की ड्रेस तैयार करने के कारण युवा लडके इन्हें देखकर बलात्कार जैसी भावना जन्म लेती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सिंह डॉ. बृन्दा (2005) वस्त्र एवं परिधान जयपुर पंचशील प्रकाशन।
2. पाटनी डॉ. मंजू (2008) वस्त्र विज्ञान, परिधान एवं विपणन ।
3. Crawford M.D.C One World Of Fashion New York Fair Child Publication.
4. www.fashioncritical.com
5. www.fashiomarketing.com

****

राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय में उपलब्ध शैक्षिक ई-ससांधनों तक पहुंचने और उपयोग करते समय, पाठकों के सामने आने वाली समस्याओं का अध्ययन

डॉ. हेमलता ठाकुर * प्रो. शुभा व्यास **

प्रस्तावना – पुस्तकालय वह स्थान हैं, जहाँ विविध प्रकार की पुस्तके पत्रिकाएँ, समाचार पत्र, पाँडुलिपियां फिल्में नक्शे, प्रिंट, दस्तावेज ई.किताबें ऑडियों, पुस्तकों, डेटाबेस आदि का संग्रह रहता हैं। लाइब्रेरी शब्द की उत्पत्ति लेटिन शब्द लाइवर से हुई जिस का अर्थ हैं पुस्तक। पुस्तकालय एक सामाजिक जन संस्था है, जो निरंतर समाज कल्याण में रत रहते हुए ज्ञानी और अज्ञानी को समान रूप से ज्ञान वितरित करती हैं। यह एक सेवाभावी संस्था है और जन-जन की बौद्धिक क्षुधा को शांन्त करने का सक्षम साधन हैं। पुस्तकालय और समाज को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता पुस्तकालय मानवता के विकास की आधारशिला हैं। किसी भी देश की संस्कृति तथा सभ्यता उसके पुस्तकालय में सुरक्षित रहती हैं। पुस्तकालय बौद्धिकए सांस्कृतिक एमानसिक आध्यात्मिक तथा व्यावहारिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता हैं। पुस्तकालय किसी भी देश की संस्कृति आन्दोलन का प्रमुख स्रोत होता हैं। अत: प्रत्येक राष्ट्र के जीवन में पुस्तकालय का विशेष स्थान होता हैं। पुस्तकालय शिक्षा व्यवस्था का एक क्रियाशील एवं महत्तवपूर्ण अंग होता हैं। सदियों से सृजित ज्ञान पुस्तकालय में धीरे-धीरे संचित होता रहता हैं , इसलिए पुस्तकालय को संग्रहित ज्ञान का भण्डार कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। पुस्तकालय के निर्माण एवं विकास में समाज का अपार धन व्यय किया जाता हैं एवं समाज के ही सदस्यों द्वारा ज्ञान के संसाधनों एवं पुस्तकालयों की सेवाओं का उपयोग किया जाता हैं।

समस्या का औचित्य – आज का युग इलेक्ट्रॉनिक युग हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ई-संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग हो रहा है तथा इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। शिक्षा का क्षेत्र और शिक्षा इससे अछूती नहीं हैं। किसी भी समाज और शैक्षणिक संस्था में पुस्तकालयों का महत्त्व सर्वविदित हैं। पुस्तकालयों के संचालन और ज्ञान के आदान- प्रदान प्रसार में इनका उपयोग हो रहा हैं। इस आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युग में प्रवेश करने के लिए हमें पहले से तैयार होना और इस आधुनिकीकरण की तेज रफ्तार में कदम से कदम मिलाकर आगे आना होगा। वरना हम इस तकनीकी युग में पिछड जाऐंगे। इस दिशा में भारत में तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। यह कार्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षा के माध्यम से ही संभव हो पाया हैं। इस कार्य में पुस्तकालयों की महत्ती भूमिका रही है। इस क्षेत्र में पूर्व में अनुसंधान कार्य हुए है। रेखा कुमारी (2011) ने सूचना और भारतीय राष्ट्रीय ग्रंथ सूची के विकास का अध्ययन किया और पाया कि डेटाबेस ऑनलाइन पहुँच के साथ ग्रंथ सूची का निर्माण सक्षम बनता जा रहा हैं। इसका उपयोग व्यापक रूप से किया जा रहा हैं। संगीता, कौल (2010) ने डेलनेट को सुविधाजनक बनाने में भारत में तेजी से बढ़ती हुई उपयोगिता का अध्ययन किया और पाया कि भारत में डेलनेट सुविधा का शीघ्रता से उपयोग किया जा रहा हैं।

परिकल्पनाएँ –

1. विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा ई-संसाधनों के उपयोग में सीमाओं के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।
2. विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा ई-संसाधनों के उपयोग में किसी की सहायता की आवश्यकता के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।
3. विभिन्न विश्वविद्यलयों के विद्यार्थियों शोधार्थियों, एवं शिक्षकों द्वारा ई-संसाधनों के समय आने वाली बाधाओं के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।
4. विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के ई-संसाधनों के सूचना प्राप्त करने की आवश्यकताओं की संतुष्टि के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।
5. विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एवं शिक्षकों द्वारा अध्ययन में ई संसाधनों का उपयोग करते समय आदतों पर कुप्रभाव के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।
6. विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध ई-संसाधनों की संतुष्टि के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।

परिसीमाएँ –

1. केन्द्र संचालित विश्वविद्यालय (बान्दरसिकरी) अजमेर को ही लिया गया हैं।
2. राज्य संचालित राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों को ही लिया गया हैं।
3. निजी विश्वविद्यालयों में वे विश्वविद्यालय है जिनकी स्थापना अवधि 5 वर्ष से अधिक हैं।
4. इस शोध कार्य में उपलब्ध शैक्षिक ई-संसाधनों में केवल 5 संसाधनों को ही लिया गया हैं। ई-डेटाबेस, ई-जर्नल, ई-पुस्तके, ई-थीसिस एवं ई-पत्रिकाएँ।

शोध विधि – शोधार्थी ने सर्वेक्षण वर्णाननात्मक विधि का उपयोग किया हैं। ताकि सही परिणाम प्राप्त हो सकें।

न्यादर्श प्रयुक्त शोध में शोधार्थी द्वारा स्तरिकृत यादृच्छिक न्यादर्श विधि के माध्यम से आंकडों का संकलन किया गया हैं।

राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालय **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

* लाईब्रेरियन, जयपुर नेशनल, यूनिवर्सिटी, जयपुर (राज.) भारत
** जयपुर नेशनल, यूनिवर्सिटी, जयपुर (राज.) भारत

शोध के उपकरण –

1. स्वनिर्मित उपकरण – प्रश्नावली
2. सांख्यिकी – प्रस्तुत शोध कार्य में मात्रात्मक विश्लेषण किया है।
3. काई वर्ण परीक्षण विधि का प्रयोग किया है।

विश्लेषण

परिकल्पना – 1 – विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों द्धारा ई–संसाधनों के उपयोग में समस्याओं के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।

तालिका संख्या 1.1**(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका संख्या 1.1 विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के ई–संसाधनों के उपयोग करते समय आने वाले समस्या के साहचर्य को दर्शाती हैं। स्वतंत्रता अंश 2 का काई वर्ग तालिका मूल्य 0.01 स्तर पर 9.210 तथा गणित मूल्य 11. 05 हैं। जो कि तालिका मूल्य से अधिक है। अत: उक्त परिकल्पना अस्वीकृत की जाती हैं। इसका यह तात्पर्य है कि विद्यार्थियों शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधनों से सम्बन्धित समस्याओं में साहचर्य है।

परिकल्पना – 2 – विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों द्धारा ई–संसाधनों के उपयोग में सीमाओं के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।

तालिका संख्या 1.2 **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका संख्या 1.2 विद्यार्थी शोधार्थी एवं शिक्षकों के ई–संसाधनों के उपयोग करने में सीमाओं को दर्शाती हैं। स्वतंत्रता अंश 8 का काई वर्ग तालिका मूल्य 0.01 स्तर पर 20.090 तथा गणित मूल्य 9.48 हैं। जो कि तालिका मूल्य से कम है अत: उक्त परिकल्पना स्वीकृत की जाती हैं। इसका यह तात्पर्य है कि विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षकों के समूहों की ई संसाधनों से सम्बन्धित सीमाओं में साहचर्य नहीं हैं।

परिकल्पना –3 – विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों द्धारा ई–संसाधनों के उपयोग में किसी की सहायता की आवश्यकता के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।

तालिका संख्या 1.3 **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका संख्या 1.3 विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के ई–संसाधनों तक पहुंचने में किसी की सहायता की आवश्यकता को दर्शाती हैं। स्वतंत्रता अंश 2 का काई वर्ग तालिका मूल्य 0.01 स्तर पर 9.210 तथा गणित मूल्य 6.98 है, जो कि तालिका मूल्य से कम है। अत: उक्त परिकल्पना स्वीकृत की जाती हैं। इसका तात्पर्य यह है कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों को ई–संसाधनों तक पहुंचने में किसी भी सहायता की आवश्यकता होने में साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।

तालिका संख्या 1.4 **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका संख्या 1.4 विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के ई–संसाधनों तक पहुंचने में जिस प्रकार की समस्या का सामना करते हैं उसे दर्शाती हैं। स्वतंत्रता अंश 6 का काई वर्ग तालिका मूल्य 0.01 स्तर पर 16.81 तथा गणित मूल्य 36.96 है जो कि तालिका मूल्य से अधिक है अत: उक्त परिकल्पना अस्वीकृत की जाती हैं। इसका तात्पर्य यह है कि विद्यार्थियों शोधर्थियों एवम शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधनों तक पहुंचने में आने वाली समस्याओं में परस्पर साहचर्य हैं।

परिकल्पना – 4 – विभिन्न विश्वविद्यलयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एवं शिक्षकों द्धारा ई–संसाधनों के उपयोग में बाधाओं के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।

तालिका संख्या 1.5 **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका संख्या 1.5 विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के ई–संसाधनों की आवश्यकता होने पर उनके उपयोग में स्रोतों की सहायता को दर्शाती हैं। स्वत्रंता अंश 6 का काई वर्ग तालिका मूल्य 0.01 स्तर पर 16.81 तथा गणित मूल्य 33 38 है, जो कि तालिका मूल्य से अधिक है। अत: उक्त परिकल्पना अस्वीकृत की जाती हैं। इसका तात्पर्य पर है कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधनों की आवश्यकता होने पर उनके उपयोग में आने स्रोतों में साहचर्य हैं।

परिकल्पना –5 – विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के ई–संसाधनों के सूचना प्राप्त करने की आवश्यकताओं की संतुष्टि के प्रत्यक्षीकरण सार्थक साहचर्य नहीं पाया जाता हैं।

तालिका संख्या1.6 **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका संख्या 1.6 विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के ई–संसाधनों द्धारा सूचना प्राप्त करने की आवश्यता की संतुष्टि को दर्शाती हैं। स्वंत्रता अंश 2 का काई वर्ग तालिका मूल्य 0.01 स्तर पर 9.21 गणित मूल्य 5.86 है, जो कि तालिका मूल्य से कम है अत: उक्त परिकल्पना स्वीकृत की जाती हैं। इसका तात्पर्य यह है कि विद्यार्थियों शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधनों द्धारा सूचना प्राप्त करने की आवश्यकता की संतुष्टि में साहचर्य नहीं हैं।

निष्कर्ष–

- परिकल्पना एक से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधनों से संबंधित समस्याओं में सार्थक साहचर्य है।
- परिकल्पना दो से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधनों से संबंधित सीमाओं में सार्थक साहचर्य नहीं हैं।
- परिकल्पना तीन से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधनों तक पहुचने में किसी भी सहायता की आवश्यकता होने में सार्थक साहचर्य नहीं हैं।
- परिकल्पना चार से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधनों तक पहुंचने में आने वाली समस्याओं में परस्पर सार्थक साहचर्य हैं।
- परिकल्पना पांच से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधानों की आवश्यता होने पर उनके उपयोग के समय आने वाली बाधाओं में सार्थक साहचर्य हैं।
- परिकल्पना छ: से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के समूहों की ई–संसाधनों द्धारा सूचना प्राप्त करने की आवश्यकता की संतुष्टि में सार्थक साहचर्य नहीं हैं।

शैक्षिक निहितार्थ

- विश्वविद्यालय के प्रशासकों को पाठकों की ई–संसाधनों से सम्बन्धित समस्याओं की जानकारी मिलेगी। इनमें सुधार हेतु प्रेरित होंगे।
- कम्प्यूटर की धीरे चलने की समस्या में सुधार करेंगे।
- विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के प्रशिक्षण हेतु योजनाओं पर विचार करेगें इसके लिए वे अधिक कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे।
- प्रशिक्षण की समय अवधि बढ़ाने पर विचार करेंगे।
- विभिन्न विश्वविद्यालय के पुस्तकाल्याध्यक्षों को अपने पुस्तकालय

के ई–संसाधनों में वृद्धि करने के लिए प्रयत्नशील होंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नितरंजन, एम. (2004). इलेक्ट्रॉनिक्स बुक मैनेजमेंट एण्ड यूज लुधियाना – के.सी. पब्लिकेशन।
2. डारेक्टरऐट ऑफ लिटरेसी एण्ड कोन्टीनयूंग एजूकेशन. गार्वमेन्ट ऑफ राजस्थान – राजलेटरेसी ओ.आर.जी. आरचिजड, फोरमैड ऑरिजनल ऑन 23 मार्च 2012।
3. टौनोपर, कारौल एवं राजा, डोनाल्ड (2000) फारवर्ड इलेक्ट्रॉनिक्स जर्नल स्पेशल लाइब्रेरी एसोसियशन आर.एस.बी.एन. 0–87111–507–2।
4. राय, पारसनाथ. (2008) अनुसंधान परिचय आगरा –लक्ष्मीनारायण अग्रवाल।
5. शर्मा, आर.ए. (2005) शिक्षा अनुसंधान मेरठ – सूर्या पब्लिकेशन
6. मेलबिन, एल. आर. (1956). द चांस टू रिड पब्लिक लाइब्रेरीस ऑफ द वल्ड।
7. सिंह, शंकर (2003) सूचना प्रौद्योगिकी और पुस्तकालय नई दिल्ली, एस.एस. प्रकाशन।
8. सिंहए शंकर. (2006) इंटरनेट और आधुनिक पुस्तकालय नई दिल्ली रू पूर्वाचंल प्रकाशन।
9. खन्ना, जे.के. (2008) मैनेजिंग टैक्नीकल सर्विसेज इन लाइब्रेरीस नई दिल्ली – संजय पब्लिकेशन।
10. एनी, ओकन, ई, टूवार्डस इफेक्टीव डेवलपमेन्ट ऑफ इलैक्ट्रोनिक इनफॉर्मेशन रिसोसिस इन यूनिवसिर्टी लाइब्रेरीस वॉल्यूम 20 (6)

राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालय

केन्द्र संचालित विश्वविद्यालय	राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालय	निजी विश्वविद्यालय
1. केन्द्रीय विश्वविद्यालय अजमेर (किशनगढ़)	1.राजस्थान विश्वविद्यालय – जयपुर 2. कृषि तकनीकी विश्वविद्यालय– उदयपुर 3. मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय –उदयपुर 4. नेशनल लॉ विश्वविद्यालय – जोधपुर 5. आयुर्वेद विश्वविद्यालय – उदयपुर 6. तकनीकी विश्वविद्यालय – कोटा 7. खुला विश्वविद्यालय – कोटा	1. जयपुर नेशनल विश्वविद्यालय 2. एमिटि विश्वविद्यालय जयपुर
1	7	2
कुल योग – 10		

तालिका संख्या 1.1

ई–संसाधनों के उपयोग में समस्या

क्र.स		हाँ	नहीं		X2	सार्थकता स्तर
1.	विद्यार्थी	174 FO (161.96)fe	207 FO (219.04)fe	381	11.05	सार्थक है
2.	शोधार्थी	38 FO (37.41)fe	50 FO (50.59)fe	88		
3.	शिक्षक	32 FO (44.63)fe	73 FO (60.37)	105		
	कुल योग	244	330	574		

तालिका संख्या 1.2
ई–संसाधनों के उपयोग में सीमाएं

क्र. स.		बहनीय दस्तावेज खुलने की समस्या	चित्रपट पर पढने की समस्या	कम्प्यूटर धीरे चलने की समस्या	जानकारी नहीं होना	प्रशिक्षण की कमी होना	कुल योग	X2	सार्थकता स्तर
1.	विद्यार्थी	128 FO (125.45) fe	71 FO (69.03)fe	124 FO (129.43)fe	31 FO (27.88)fe	27 FO (29.21)fe	381	9.48	सार्थक नहीं है
2.	शोधार्थी	23 FO (28.98) fe	71 FO (15.90)fe	31 FO (29.90)fe	05 FO (6.44)fe	12 FO (6.75)fe	88		
3.	शिक्षक	38 FO (34.57) fe	16 FO (19.02)fe	40 FO (35.67)fe	06 FO (7.68)fe	05 FO (8.05)fe	105		
	कुल योग	189	104	195	42	44	574		

तालिका संख्या1.3
ई–संसाधनों के उपयोग में सहायता की आवश्यकता

क्र.स		हाँ	नहीं		X2	सार्थकता स्तर
1.	विद्यार्थी	174 FO (161.96)fe	207 FO (219.04)fe	381	6.98	सार्थक है
2.	शोधार्थी	38 FO (37.41)fe	50 FO (50.59)fe	88		
3.	शिक्षक	32 FO (44.63)fe	73 FO (60.37)	105		
	कुल योग	244	330	574		

तालिका संख्या 1.4
ई–संसाधनों तक पहुंचने में समस्या

क्र. स.		ई संसाधनों की जानकारी न होना	कम्प्यूटर की जानकारी न होना	पुस्तकालय कर्मचारियों से सहायता प्राप्त न होना	अन्य कारण	कुल योग	X2	सार्थकता स्तर
1.	विद्यार्थी	157 FO (140.72) fe	63 FO (58.41)	51 FO (40.49)fe	110 FO (141.38)fe	381	36.96	सार्थक है
2.	शोधार्थी	25FO (32.50) fe	14 FO (13.49)fe	05 FO (9.35)fe	44 FO (32.66)fe	88		
3.	शिक्षक	30 FO (38.78) fe	11 FO (16.10)fe	05 FO (11.16)fe	59 FO (38.96)fe	105		
	कुल योग	212	88	61	213	574		

तालिका संख्या 1.5
ई–संसाधनों के उपयोग में बाधाएं

क्र. स.		पुस्तकालय वेबसाइड का मुख्य पृष्ठ	पुस्तकालय कर्मचारी	आई टी कर्मचारी	अन्य स्त्रोत	कुल योग	X2	सार्थकता स्तर
1.	विद्यार्थी	121 FO (140.05) fe	124 FO (104.21)	46 FO (43.81)fe	90 FO (43.81)fe	381	33.38	सार्थक है
2.	शोधार्थी	36FO (32.35) fe	19 FO (24.07)fe	05 FO (10.12)fe	28 FO (21.46)fe	88		
3.	शिक्षक	54 FO (38.60) fe	14 FO (27.72)fe	15 FO (12.07)fe	22 FO (25.61)fe	105		
	कुल योग	211	157	66	140	574		

तालिका संख्या 1.6
सूचना प्राप्त करने की आवश्यकताओं की संतुष्टि

क्र.स		हाँ	नहीं		X2	सार्थकता स्तर
1.	विद्यार्थी	314 FO (311.97)fe	67 FO (69.03)fe	381	5.86	सार्थक नहीं है
2.	शोधार्थी	68 FO (72.06)fe	20 FO (15.94)fe	88		
3.	शिक्षक	88 FO (85.98)fe	17 FO (19.02)fe	105		
	कुल योग	470	104	574		

****

पर्यावरण शिक्षा में मूल्यांकन एवं परीक्षण

किरण पवार * डॉ. साधना देवेश वर्मा **

प्रस्तावना – स्नातक तथा अधिस्नातक स्तर पर पर्यावरण की विषयवस्तु का तथ्यात्मक विश्लेषण देश की वास्तविक स्थिति, लोगों का पर्यावरण के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैया, विभिन्न प्रकार के प्रदूषण और उनसे होने वाली सम्भावित हानियॉ वन और वन्य जीवों का सरंक्षण और पर्यावरण शिक्षा में संरक्षण में योगदान पर्यावरणीय प्रबन्ध, विभिन्न स्तर पर व्यक्तियों के उत्तरदायित्व के बारे में विद्यार्थियों को ज्ञान प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से दिया जा सकता है। पर्यावरण की कोई अच्छी पुस्तक जिसमें अच्छी सामग्री का संग्रह हो उच्च शिक्षा के स्तर पर विशेष प्रश्न पत्र के संदर्भ में अभिशंसित की जा सकती है।

अधिस्नातक स्तर के साथ व्यावसायिक कोर्सेज में पर्यावरण को सन्दर्भ सामग्री के रूप में जोड़ देना चाहिए क्योंकि पाठयक्रमों के समाप्त हो जाने के बाद विद्यार्थियों को अपने जीवन में व्यावहारिक पक्ष से जुडने का ज्ञान है कि नहीं यह जाँचना आवश्यक होता है। इंजीनियर्स के लिए हवादार मकानों का निर्माण प्रदूषण को रोकने के लिए यन्त्र सही ड्रेनेज सिस्टम उद्योग संस्थानों में पर्यावरण स्तर को बनाए रखने के लिए योग्यता आवश्यक है जिसका मूल्यांकन निष्पक्ष होना चाहिए। उद्योग मालिक, कर्मचारी उनके परिवार सारे डॉक्टर वकील प्रशासनिक अधिकारिक न्यायाधीश सभी में पर्यावरण की बुनियादी सुरक्षा आवश्यकताओं का ज्ञान है, इसका मूल्यांकन अनिवार्यत: होना चाहिए। सर्विस वालों को 'सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रमों' में पर्यावरण शिक्षा का संज्ञान देना चाहिए तथा मूल्यांकन भी किया जाना चाहिए।

उच्च शिक्षा के अन्तर्गत पर्यावरणीय शिक्षा के पाठ्यक्रम को कसौटी पर खरा मानने हेतु बी.सी.दास ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातें सुझाई है :

1.	स्थानीय स्थितियों के अनुकूल	Appropriateness
2.	शिक्षार्थी के लिए आकर्षिक	Attractiveness
3.	उपयोग की सहजता	Affordability
4.	उपलब्धता	Availability

समूचे देश के सभी स्तर के लोगों के लिए विविध रूप से 'पर्यावरण शिक्षा' वास्तविक जन चेतना ला सकती है, इसके अध्ययन से सुपरिणाम प्राप्त होगें इसे सिद्ध करने का कार्य सही मूल्यांकन द्वारा ही सम्भव है, जो कि पाठ्यक्रम की पाठ्यवस्तु की सुग्राहयता की जॉच उच्च स्तर की शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से परीक्षा द्वारा साबित होता है। एक अच्छा सूचना संग्रहीत, संतुलित, सबकी रूचि का और पर्यावतरणीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला पाठयक्रम उचित मूल्यांकन व परीक्षण से गुजरकर 'पर्यावरण शिक्षा' को एक सफल कार्यक्रम के रूप में संचालित करता है।

पर्यावरण शिक्षा में मूल्यांकन का महत्व, आवश्यकता –

पर्यावरणीय समस्याओं को बढ़ने अथवा उत्पन्न होने से रोकने के लिए 'पर्यावरण शिक्षा' ही एकमात्र सुझाव प्रस्तावित है। पर्यावरण शिक्षा का देश के हर व्यक्ति के लिए उपलब्ध होना आवश्यक हो गया है, यह शिक्षा जिस प्रकार देने का प्रयास हो रहा है उसका सामयिक मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे नागरिक, देश और विश्व का भविष्य जुड़ा हुआ है। महत्व को निम्नलिखित बिन्दु समेकित करते है –

1. जनसाधारण में पर्यावरण शिक्षा की आवश्यकता को महसूस करवाने के लिए।
2. मूल्यांकन के उद्देश्यों की सार्थकता जॉचने के लिए।
3. पर्यावरण ह्रास की वास्तविक स्थिति से जन साधारण को अवगत करवाने के लिए।
4. पर्यावरण शिक्षा में प्रयुक्त विभिन्न कार्यक्रमों की उपादेशता – जानने के लिए।
5. लोगों को अच्छे जीवन की संकल्पना हेतु मानस बनाने के लिए।
6. प्राकृतिक असन्तुलन के लिए जिम्मेदार विभिन्न घटकों की भागीदारी जानने के लिए।
7. पर्यावरण सुधार कार्यक्रमों को स्वीकार करने के लिए।
8. वैज्ञानिक और अन्य राष्ट्र स्तरीय नीति निर्धारकों द्वारा भावी योजनाऍ बनाने के लिए।
9. भविष्य के लिए राष्ट्र स्तर पर पर्यावरणीय योजना बनाने के लिए।
10. पर्यावरण के सन्दर्भ में विश्व के अनेक देशों से वैचारिक आदान–प्रदान करने के लिए।

पर्यावरणीय उच्च शिक्षा में मूल्यांकन व परीक्षण की आवश्यकता –

1. इससे पर्यावरण शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों की उपयोगिता जानी जा सकती है।
2. लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के स्तर का पता चल सकता है।
3. पर्यावरण शिक्षा द्वारा लोगों में व्यक्तिगत आचरणों के परिवर्तन को मापा जा सकता है।
4. विभिन्न स्तरों के लिए निर्मित पर्यावरणीय पाठ्यक्रम की विश्वसनीयता और वैधता को जॉचा जा सकता है।
5. यह पर्यावरण शिक्षा के लिए संदर्भ व्यक्ति के चयन में सहायक हो सकता है।
6. पर्यावरण शिक्षा के विविध कार्यक्रमों की वस्तुनिष्ठ तुलना कर सकता है।

* शोधार्थी, मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत
** प्रोफेसर, मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

7. पर्यावरण प्रदूषण के कारणों की सही जानकारी मिल सकती है।
8. लोगों में अच्छी आदतों के निर्माण में प्रेरक है।
9. यह राष्ट्रीय स्तर की पर्यावरणीय समस्याओं में व्यक्तिगत भागीदारी की भावना को जगा सकता है।
10. यह पर्यावरण सुधार की महत्ता को प्रतिपादित करता है।



'पर्यावरण शिक्षा में मूल्यांकन का कार्य यह जॉचना है कि पर्यावरण शिक्षा के निम्न उद्देश्य प्राप्त हो रहे है या नहीं–

1. जागरूकता Awareness– पर्यावरण शिक्षा सम्पूर्ण पर्यावरण और उससे सम्बन्धित समस्याओं के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता जगाने में सहायक है कि नहीं ?

2. ज्ञान Knowledge – सम्पूर्ण पर्यावरण और उससे सम्बन्धित समस्याओं के प्रति आधारभूत समझ प्राप्त करने तथा उसमें इन्सान की जिम्मेदारी की भूमिका निभाने में सहायक है कि नहीं?

3. अभिवृत्ति Attitude – पर्यावरण के लिए गहरी चिंता करने, सामाजिक दायित्व निभाने सुरक्षा और सुधार लाने के लिए किए जा रहे कार्यो में प्रेरित करने में सहायक है कि नहीं ?

4. कौशल Skills – पर्यावरणीय समस्याओं के हल खोजने के कार्य करने में सहायक है कि नहीं ?

5. मूल्यांकन कुशलता Evaluation ability – पर्यावरणीय सुरक्षा उपाय उच्च शिक्षा के शैक्षिक कार्यक्रमों को पारिस्थितिक, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक सौन्दर्यपरक और शैक्षिक घटाकों के परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन करने में सहायक है कि नहीं ?

6. सहभागिता Participation – पर्यावरणीय समस्याओं के उचित हल निकालने की आष्वस्ति के प्रति महत्ता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने सहायक है कि नहीं ?

पर्यावरण शिक्षा में मूल्यांकन के सिद्धान्त –

1. यहॉ मूल्यांकन का उद्देश्य 'उत्तीर्ण' अथवा 'अनुत्तीर्ण' अंकित करना नहीं है बल्कि यह जानना है कि अमुक व्यक्ति ने पर्यावरण के बारे में कितनी जानकारी की है ?
2. प्रत्येक कार्यक्रम तथा प्रत्येक व्यक्ति अथवा वर्ग समूह के लिए मूल्यांकन विधियां और उपकरण भिन्न भिन्न हो सकते है।
3. मूल्यांकनकर्ता योग्य और प्रशिक्षित तथा पर्यावरण के क्षेत्र की जानकारी रखने वाला होना चाहिए।
भारतीय कृषि एक अवलोकन – 2010 संयुक्त राष्ट्र कृषि तथा खाद्य संगठन के विश्व कृषि सांख्यिकी, के अनुसार भारत के कई ताजा फल और सब्जिया, दूध, प्रमुख मसाले आदि को सबसे बड़ा उत्पादक ठहराया गया है। रेशेदार फसले जैसे जूट, कई स्टेपल जैसे बाजरा और अरंडी के तेल के बीज आदि का भी उत्पादक है। भारत गेहूं और चावल की दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत, दुनिया का दूसरा या तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है कई चीजो का जैसे सूखे फल, वस्त्र कृषि-आधारित कच्चे माल, जड़ें और कंद फसले, दाल, मछलीया, अंडे, नारियल, गन्ना और कई सब्जिया। 2010 मई भारत को दुनिया का पॉचवा स्थान हासिल हुआ जिसके मुताबिक उसने 80% से अधिक कई नकदी फसलो का उत्पादन् किया जैसे कॉफी

और कपास आदि। 2011 के रिपोर्ट के अनुसार, भारत को दुनिया में पाँचवे स्थान पर रखा गया जिसके मुताबिक व सबसे तेज वृद्धि के रूप में पशुधन उत्पादक करता है।

2008 के एक रिपोर्ट ने दावा किया कि भारत की जनसंख्या, चावल और गेहूं का उत्पादन करने की क्षमता से अधिक तेजी से बढ़ रही है। अन्य सुत्रो से पता चलता है कि, भारत अपनी बढती जनसंख्या को आराम से खिला सकता है और साथ ही साथ चावल और गेहूं को निर्यात भी कर सकता है। बस, भारत को अपनी बुनियादी सुविधाओं को बढाना होगा जिससे उत्पादक भी बढे जैसे अन्य देश ब्राजील और चीन ने किया। भारत 2011 में लगभग 2 लाख मीट्रिक टन गेहूँ और 21 करोड़ मीट्रिक टन चावल का निर्यात अफ्रीका, नेपाल, बांग्लादेश और दुनिया भर के अन्य देशों को किया।

जलीय कृषि और पकड़ मत्स्यपालन भारत में सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों के बीच है। 1990 से 2010 के बीच भारतीय मछली फसल दोगुनी हुई, जबकि जलीय कृषि फसल तीन गुना बढ़ा। 2008 में, भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा उत्पादक था समुद्री और मीठे पानी की मत्स्य पालन के क्षेत्र में और दूसरा सबसे बड़ा जलीय मछली कृषि का निर्माता था। भारत ने दुनिया के सभी देशों को करीब 6,00,000 मीट्रिक टन मछली उत्पादों का निर्यात किया।

भारत ने पिछले 60 वर्षो मैं कृषि विभाग में कई सफलताए प्राप्त की है। ये लाभ मुख्य रूप से भारत को हरित क्रांति, पावर जनरेशन, बुनियादी सुविधाओं, ज्ञान में सुधार आदि से प्राप्त हुआ। भारत में फसल पैदावार अभी भी सिर्फ 30% से 60% ही है। अभी भी भारत में कृषि प्रमुख उत्पादकता और कुल उत्पादन लाभ के लिए क्षमता है। विकासशील देशों के सामने भारत अभी भी पीछे है। इसके अतिरिक्त, गरीब अवसंरचना और असंगठित खुदरा के कारण, भारत ने दुनिया में सबसे ज्यादा खाद्य घाटे से कुछ का अनुभव किया और नुकसान भी भुगतना पड़ा।

भारत की स्वतंत्रता को कई दशक बीत चुके हैं, हाल ही में हमने 74वाँ गणतंत्र दिवस मनाया है। 1947 से अब तक देश के हर क्षेत्र ने पर्याप्त विकास किया है। आज भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम विश्व के सफलतम अंतरिक्ष कार्यक्रमों में शामिल है, भारतीय सेना विश्व की सबसे ताकतवर सेनाओं में सम्मिलित है तथा भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पाँच सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अन्य क्षेत्रों में भी भारत नियमित रूप से विकास की नई कहानियाँ लिख रहा है।

इन उपलब्धियों के बावजूद एक ऐसा क्षेत्र भी है जो आज भी विकास की दौड़ में कहीं पीछे रह गया है। खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण रोजगार जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला कृषि क्षेत्र आज भी उस स्थिति में नहीं पहुँच पाया है जिसे संतोषजनक माना जा सके। इसका परिणाम यह हुआ है कि कृषि पर निर्भर देश के करोड़ों लोग आज भी बेहद अभावों में जीवन जीने को विवश हैं और कई बार ये कृषि के माध्यम से अपनी बुनियादी जरूरतें भी नहीं पूरी कर पाते हैं।

भारतीय कृषि के अपर्याप्त विकास के मूल में कुछ ऐसी समस्याएँ हैं जिन्हें दूर किये बिना कृषि का विकास संभव नहीं है, ये समस्याएँ निम्नलिखित हैं।

1. भारत के ज्यादातर किसानों के पास कृषि में निवेश के लिये पूँजी का अभाव/ कमी है। आज भी देश के ज्यादातर किसानों को व्यावहारिक रूप में संस्थागत ऋण सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता। कई बार किसानों के पास इतनी भी पूँजी नहीं होती कि वे बीज, खाद, सिंचाई जैसी बुनियादी चीजों का भी प्रबंध कर सकें। इसका परिणाम यह होता है कि किसान समय से फसलों का उत्पादन नहीं कर पाते अथवा अपर्याप्त पोषक तत्वों के कारण फसलें पर्याप्त गुणवत्ता की नहीं हो पाती हैं। इसके साथ ही पूंजी के अभाव में किसान को निजी व्यक्तियों से ऊँची ब्याज दर पर ऋण लेना पड़ता है जिससे उसकी समस्याएँ कम होने की जगह बढ़ जाती हैं। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिये काफी मददगार साबित हो रही है। इससे किसानों की कृषि संबंधी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति करने में काफी हद तक सहायता मिल जाती है।

2. भारत के अधिकांश हिस्सों में आज भी सिंचाई सुविधाओं की कमी है। निजी तौर पर सिंचाई सुविधाओं का प्रबंध वही किसान कर पाते हैं जिनके पास पर्याप्त पूँजी उपलब्ध है क्योंकि सिंचाई उपकरणों जैसे ट्यूबवेल स्थापित करने की लागत इतनी होती है कि गरीब किसानों के लिये उसे वहन कर पाना संभव नहीं है। इस प्रकार अधिकांश किसान मानसून पर निर्भर हो जाते हैं और समय पर वर्षा न होने पर उनकी फसलें खराब हो जाती हैं और कई बार निर्वाह लायक भी उत्पादन नहीं हो पाता। इसी तरह अधिक वर्षा होने पर या विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी फसलें खराब हो जाती हैं और किसान गरीबी के दलदल में फंसता जाता है।

3. भारतीय किसानों की एक बड़ी आबादी के पास बहुत कम मात्रा में कृषि योग्य भूमि उपलब्ध है। इसका एक बड़ा कारण बढ़ती हुई जनसंख्या भी है। इसके परिणामस्वरूप कृषि किसानों के लिये लाभ कमाने का माध्यम न होकर महज निर्वाह करने का माध्यम बन गई है जिसमें वे किसी तरह अपना और अपने परिवार का निर्वाह कर पाते हैं। भारतीय कृषि क्षेत्र प्रछन्न बेरोजगारी की भी समस्या से जूझने वाला क्षेत्र है।

4. किसानों को अक्सर उनकी उपज की पर्याप्त कीमत नहीं मिलती है, इसका एक बड़ा कारण यह है कि वे अपनी फसलों को विभिन्न कारणों से जैसे ऋण चुकाने के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) से कम कीमतों पर ही बेंच देते हैं। जिसके कारण उन्हें काफी हानि का सामना करना पड़ता है।

5. कुछ अन्य कारणों में कृषि में आधुनिक उपकरणों और तकनीकों का प्रयोग न कर पाना, परिवहन सुविधाओं की कमी, भंडारण सुविधाओं में कमी, परिवहन की सुविधाओं में कमी, अन्य आधारभूत सुविधाओं का अभाव तथा मिट्टी की गुणवत्ता में कमी के कारण उपज में आती कमी इत्यादि समस्याएँ शामिल हैं।

भारत सरकार इस क्षेत्र में सुधारों और किसानों की आय दोगुनी करने के लिये 7 सूत्रीय रणनीति पर काम कर रही है।

1. प्रति बूंद-अधिक फसल रणनीति (Per Drop More Crop)- इस रणनीति के तहत सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है। इससे कृषि क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले पानी की मात्रा में कमी आएगी, इससे जल संरक्षण के साथ ही सिंचाई की लागत में भी कमी आएगी। ये रणनीति पानी की कमी वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से लाभदायक है।

2. कृषि क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का प्रयोग करने पर बल दिया जा रहा है साथ ही खेतों में उर्वरकों की उतनी ही मात्रा का प्रयोग करने करने के लिये जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है जितनी मात्रा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार प्रयोग करना उचित है। इससे मृदा की गुणवत्ता में सुधार होगा साथ ही उर्वरकों पर होने वाले खर्च में भी प्रभावी कमी आएगी। इससे मृदा और जल प्रदूषण में भी कमी आएगी।

3. कृषि उपज को नष्ट होने से बचाने के लिये गोदामों और कोल्ड स्टोरेज

पर निवेश को बढ़ाया जा रहा है। इससे उपज की बर्बादी रुकेगी, खाद्य सुरक्षा की स्थिति और मजबूत होगी तथा शेष उपज का अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निर्यात भी किया जा सकता है।

4. खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से कृषि क्षेत्र में मूल्यवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार संभावनाएँ निहित है।

5. उपज का सही मूल्य दिलाने के लिये राष्ट्रीय कृषि बाजार के निर्माण पर बल दिया गया है। इससे देशभर में कीमतों में समानता आएगी और किसानों को पर्याप्त लाभ मिल सकेगा।

6. भारत में हर साल अलग-अलग क्षेत्रों में सूखे, अग्नि, चक्रवात, अतिवृष्टि, ओले जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। इन जोखिमों को कम करने के लिये वहनीय कीमतों पर फसल बीमा उपलब्ध कराया गया है। हालाँकि इसका वास्तविक लाभ अब तक पर्याप्त किसानों को नहीं मिल पाया है, इसका लाभ अधिकांश लोगों तक पहुँचे इसके लिये उपाय किये जाने चाहिये।

7. विभिन्न योजनाओं के माध्यम से डेयरी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, पोल्ट्री, मत्स्य पालन इत्यादि।

कृषि सहायक क्षेत्रों के विकास पर बल दिया जा रहा है। चूंकि देश के अधिकांश कृषक इन चीजों से पहले से ही जुड़े हुए हैं अत: इसका सीधा लाभ उन्हें मिल सकता है। आवश्यकता है जागरूकता, पशुओं की नस्ल सुधार जैसे कारकों पर प्रभावी तरीके से काम किया जाए।

चूंकि देश की अधिकांश आबादी कृषि पर ही निर्भर है अत: देश में गरीबी उन्मूलन, रोजगार में वृद्धि, भुखमरी उन्मूलन इत्यादि तभी संभव है जब कृषि और किसानों की हालत में सुधार किया जाए। उपरोक्त उपायों को यदि प्रभावी तरीके से लागू किया जाए तो निश्चित तौर पर कृषि की दशा में सुधार आ सकता है। इससे इस क्षेत्र में व्याप्त निराशा में कमी आएगी, किसानों की आत्महत्या रुकेगी, और खेती छोड़ चुके लोग फिर से इस क्षेत्र में रुचि लेने लगेंगे।

छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र का विश्लेषण

तालिका क्रमांक – 1: कृषि उत्पादन की स्थिति (दुर्ग जिले में)

वर्ष	कृषि उत्पादन (हेक्टेयर में)
2016-2017	110.8
2017-2018	92.6
2018-2019	82.7
2019-2020	80.9
2020-2021	72.9
2016-2017	69.8

उक्त तालिका क्रमांक – 1 वर्ष 2016-2017 की अपेक्षा वर्ष 2020-21 में कृषि उत्पादन दर में कमी प्रदर्शित हो रही है।



चित्र क्रमांक – 1 कृषि उत्पादन की स्थिति (दुर्ग जिले में)

तालिका क्रमांक – 2: कृषि उत्पादन की स्थिति (दुर्ग जिले में) (प्रतिशतता में)

वर्ष	कृषि उत्पादन (हेक्टेयर में)	प्रतिशतता
2016-2017	120.8	96.42
2017-2018	98.6	90.82
2018-2019	82.7	86.75
2019-2020	80.9	84.92
2020-2021	72.9	80.20

उक्त तालिका क्रमांक – 2 वर्ष 2016-2017 की अपेक्षा वर्ष 2020-21 में कृषि उत्पादन दर में कमी प्रदर्शित हो रही है।



चित्र क्रमांक – 2 कृषि उत्पादन की स्थिति (दुर्ग जिले में) (प्रतिशतता में)

कृषि की चुनौतियां – हर साल कृषि क्षेत्र को मुश्किल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसमें मौसम की खराब स्थिति शामिल है, चाहे वह सूखा हो या बाढ़ या फिर अत्यधिक गर्मी और ठंडी हवाएं। मिट्टी का क्षरण और मिट्टी का प्रदूषण भी कृषि के लिए सबसे बड़ा खतरा है। ये सभी स्थितियां कृषि क्षेत्र में टिकाऊ प्रथाओं को विकसित करने की आवश्यकता पैदा करती हैं।

कृषि में नए प्रयोग – आजकल, कृषि की दुनिया में AI उपकरणों और मशीनरी के उपयोग से परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया है। खेती के पारंपरिक तरीकों को बदलने के लिए नई तकनीकें और उपकरण विकसित किए जा रहे हैं। AI तकनीकों में से कुछ हैं एकीकृत सेंसर, मौसम पूर्वानुमान, खदि-संचालित कृषि ड्रोन, स्मार्ट छिड़काव, आदि नए उपकरण कृषि के क्षेत्र में प्रयोग किये जा रहे है।

निष्कर्ष – कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है, और भारत का कृषि क्षेत्र सबसे बड़ा उद्योग है। निरंतर परिवर्तन और विकास तथा नई नीतियों के साथ, यह केवल ऊपर की ओर ही बढ़ेगा। यह हमेशा देश की आर्थिक वृद्धि में एक महत्वपूर्ण कारक बना रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अबालु, जी.ओ. 1976 उत्तरी नाइजीरिया में स्वदेशी परिस्थितियों में फसल मिश्रण पर एक नोट। जर्नल ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज 12: 212-220।
2. एडीबी खएशियाई विकास बैंक, 1990. सतत विकास के लिए आर्थिक नीतियां। मनीला, फिलिप्पीन्स।
3. एलेग्रे, जे.सी., कैसल, डी.के. और अमेजक्विटा, ई. 1991 लैटिन अमेरिका में जुताई प्रणाली और मिट्टी के गुण। मृदा एवं जुताई अनुसंधान

20: 147–16

4. अल्टिएरी, एम.ए. 1988. पर्यावरण की दृष्टि से सुदृढ़ लघु स्तरीय कृषि परियोजनाएँ , कोडेल/वीटा, आर्लिंगटन, वर्जीनिया।
5. अल्टिएरी, एम.ए. 1988, कृषि पारिस्थितिकी से परे: टिकाऊ कृषि को राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाना। अमेरिकन जर्नल ऑफ अल्टरनेटिव एग्रीकल्चर 3: 142–143।
6. एंडरसन, जे.आर. और डिलन जे.एल. 1992. शुष्क भूमि कृषि प्रणालियों में जोखिम विश्लेषण। फार्म सिस्टम प्रबंधन श्रृंखला संख्या 2. एफएओ, रोम, 117 पी.
7. एंडरसन, जे.आर. और थम्पापिल्लई, जे. 1990, विकासशील देशों में मृदा संरक्षण: परियोजना और नीति हस्तक्षेप। नीति और अनुसंधान श्रृंखला संख्या 8. विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी।
8. एंडो, डी. 1983. गेहूं और कपास के विशेष संदर्भ में मोनोकल्चर की सीमा और कीटों की आबादी पर इसका प्रभाव। कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरण 9: 25–35.
9. एंगस, जे.एफ., हसेगावा, एस., हसियाओ, टी.सी., लिबून, एस.पी., और जैंडस्ट्रा, एच.जी. 1983। मानसून के बाद शुष्क भूमि फसलों का जल संतुलन। कृषि विज्ञान जर्नल 101: 699–710।
10. जौ, के.पी. 1959. केंचुए और मिट्टी की उर्वरता। चतुर्थ. लाल–भूरी पृथ्वी के भौतिक गुणों पर केंचुओं का प्रभाव। ऑस्ट. जे. एग्रीक. रेस. 10: 371–376.
11. बार्टलेट, बी., ब्लेक, बी. और मैककार्ल, बी. 1982. सेनेगल के निर्वाह फार्मों पर लागू बहुआयामी स्केलिंग के माध्यम से लक्ष्य प्रोग्रामिंग। अमेरिकन जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स 64:
12. बेशनो, ए., क्रिश्चियनसन, सी.बी., बैथगेन, डब्ल्यू.ई. और मोकवुने, ए.यू. 1992. नाइजर में बाजरा उत्पादन के लिए नाइट्रोजन और फास्फोरस उर्वरक के उपयोग और रोपण घनत्व का खेत–स्तरीय मूल्यांकन। उर्वरक अनुसंधान 31: 175–184.

****

महिला सशक्तिकरण में नैतिक शिक्षा की भूमिका : चुनौतियाँ

डॉ. संगीता शर्मा *

शोध सारांश – प्रत्येक विकसित समाज के निर्माण में स्त्री एवं पुरुष दोनो की सहभागिता आवश्यक है। भावी पीढ़ी के रूप में व्यक्ति से लेकर परिवार, समाज तया राष्ट्र तक के चहुमुखी विकास की जिम्मेदारी में पुरुषों के साथ स्त्रियों की अपेक्षाकृत अधिक भागीदारी है। इस भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए ही परिवार की धुरी, महिला का सशक्तिकरण जरूरी है और सशक्तिकरण के लिए शिक्षा आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पहला और मूलभूत साधन है। स्वतंत्रता के बाद सरकार, महिला संगठनों, महिला आयोगों आदि के प्रयासों से महिलाओं के लिए विकास के द्वार खुले, उनमें शिक्षा का प्रसार बढ़ा जिससे उनमें जागृति आई, आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ परिणामस्वरूप वे प्रगतिपथ पर आगे बढ़ी। शिक्षित, आत्मनिर्भर, सशक्त महिलाओं के द्वारा ही भारत को एक सशक्त व विकसित देश के रूप में निर्माण कर पाना संभव हो सकेगा। प्रस्तुत शोधपत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण में नैतिक शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। नैतिक मूल्य महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है जैसे कि सम्मान, आत्मविश्वास, शिक्षा, ईमानदारी, न्याय, सामाजिक उत्तरदायित्व आदि। साथ ही लघु शोध पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि उससे संबंधित कौन कौन सी चुनौतियाँ हमारे भारतीय समाज के समक्ष उपस्थित हैं।

प्रस्तावना – नारी मुक्ति तथा नारी सशक्तिकरण आम विश्व के प्राय: सभी विकासशील देशों की महिला समुदाय का नारा है। सशक्तिकरण का प्रश्न तभी उठता है जब पराधीनता और विवशता होती है। महिलाओं के संदर्भ में 'पराधीनता' तथा 'विवशता' के अर्थ तब स्पष्ट हो जाते है जब हम पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था में महिलाओं की अवनमित स्थिति एवं सीमित सामाजिक तथा पारिवारिक भूमिकाओं की ओर ध्यान देते हैं। पिछले दो तीन शताब्दियों में महिला और उसकी शिक्षा से सम्बन्धित नई समस्याओं तथा नये प्रश्न प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सामने आते रहे है।

सशक्तिकरण का शाब्दिक अर्थ है महिला का शक्ति और ज्ञान से सम्पन्न होना।[1] महिला को भी पुरुष के समान शक्ति और अधिकार मिलें। किसी भी राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है जब स्त्री व पुरुष दोनो को उन्नति के समान अवसर उपलब्ध हों। इसी लिए 73वें सर्विधान संशोधन के माध्यम से जनजातीय समाजों में पुरुष एवं महिला के बीच असमानता और शक्ति वितरण को समाप्त करने की पहल सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई।[2]

भारतीय सविंधान में भारतीय स्त्रियों को समानता का दर्जा दिया गया है। सविंधान की धारा 16 में यह माना गया है कि सरकारी सेवाओं में लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। इस देश में महिलाएं बड़े-बड़े ओहदों पर विराजमान है। हमारे देश की महिलाएं प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति तक रह चुकी है। किन्तु नियमों, कानूनों एवं सामाजिक स्वीकृति में एक लम्बा गहरा अन्तराल है। ऊंचे पदों पर आसीन शिक्षित महिलाओं की संख्या कम ही है। समस्या उन हजारों, लाखों स्त्रियों की है जो पूरी तरह शिक्षा से वंचित हैं, अपने अधिकारों के प्रति सजग भी नहीं है।

वास्तव में यहाँ प्रश्न यह उठता है कि महिला शिक्षा में अवरोधात्मक स्थितियाँ कौन सी है ? महिला शिक्षा में कौनसी चुनौतियाँ हैं? शिक्षा परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी के आधार पर यह ज्ञान और कुशलता को अर्जित करके एक महिला अपने समक्ष आई हुई महत्वपूर्ण चुनौतियों को स्वीकार कर सकती है। अपने जीवन की समस्याओं, विकट परिस्थितियों का डट कर मुकाबला कर सकती है। शिक्षा के आधार पर ही नारी में आत्मवल का विकास हो सकता है। साथ ही कानूनी अधिकारों के प्रति सजग होकर उसे अपने दैनिक जीवन में भी इस्तेमाल कर सकती है। साथ ही अपने कौशल का उपयोग करके आत्मनिर्भर बन सकती है। इस अर्थ में महिला शिक्षा ही महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

अल्पायु में बालिकाओं का विवाह भी नारी शिक्षा की वृद्धि में बहुत बड़ा अवरोध है। अल्पायु में विवाहादि के कारण वे घर के चौके चूल्हे तक ही सीमित होकर रह जाती है। शिक्षा के अभाव के कारण आगे अपनी कन्याओं की शिक्षा आदि में योगदान नहीं दे पाती और एक बड़ा तबका अशिक्षित महिलाओं का समाज में तैयार हो जाता है।

महिला सशक्तिकरण होने और महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएँ सरकारी स्तर पर, निजी संस्थाओं द्वारा चलाई जा रही है किन्तु वे सभी योजनाएँ अपनी शैशवावस्था में ही समाप्त होकर रह जाती हैं। इस का मुख्य कारण लिंगभेद पर आधारित असमानता मानी जा सकती है। स्त्री पुरुष के बीच यह असमानता विभिन्न रूप ले सकती है।

वस्तुत: लैगिंक असमानता कोई समरूपी परिघटना नहीं, बल्कि विविध लेकिन आपस में जुड़ी, समस्याओं का एक संग्रह है।[3] बुनियादी सुविधाओं में स्त्री एवं पुरुष के बीच यह असमानता भी महिला प्रगति में बाधक बनती है। जिसके कारण महिला शिक्षा में पर्याप्त सुधार नहीं हो पाता।

महिलाओं की स्वाभाविक प्रतिभाओं या क्षमताओं का समुचित रूप में विकास और सही वातावरण का उपलब्ध होना असंभव हो जाता है।उच्च शिक्षा, विशेष रूप से विज्ञान, तकनीकी प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्रों में यह असमानता ही महिला शिक्षा में पिछड़ेपन का मुख्य कारण बन जाती है।

पितृसत्तात्मक समाजव्यवस्था का रूढ़िवादी, मध्ययुगीन दृष्टिकोण, जिसमें पुरुषों को सभी स्त्रोतों में स्त्री से अधिक श्रेष्ठ मान लिया जाता है

* ऐसोसिएट प्राध्यापिका, फतेहचंद महिला महाविद्यालय, हिसार (हरियाणा) भारत

तथा स्वाभाविक रूप से उन्हें ही अधिकारों की प्राप्ति के योग्य समझा जाता है। सामान्य रूप से समाज में भी स्त्रियों की शिक्षा उनके सर्वांगीण विकास की ओर उदासीनता देखी जा सकती है। अनेक क्षेत्रों में शिक्षित तथा अपने कार्यों में अभिज्ञ होने के बावजूद भी उन्हें कई निर्णय परिवार या प्रमुख पुरुष सदस्यों, अभिभावकों के दबाव में आकर लेने पड़ते हैं। नैतिक मूल्यों का ज्ञान और जागरूकता महिलाओं को भेदभाव, उत्पीड़न से शिकार होने से बचने में मदद करता है, सामाजिक सुधारों के प्रति और अधिक जागरूक होकर अपने अधिकारियों के प्रति आवाज उठाने के लिए एक नैतिक बल प्राप्त होता है। उचित -अनुचित की निर्णय शक्ति जागृत होती है जो उन्हें समाज में, राष्ट्र में अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजगता पैदा करती है। अत: महिला के शिक्षित होने के साथ -साथ नैतिक मूल्यों का समुचित ज्ञान और उनके प्रति जागरूकता महिला सशक्तिकरण का एक अनिवार्य पहलू है जिसकी आज के सन्दर्भ में महती आवश्यता है।

ये सारी परिस्थितियाँ पुरुष प्रधान सामाजिक व्यवस्था का महिलाओं के प्रति दमनात्मक दृष्टिकोण का परिणाम है। जब तक समाज की इस मानसिकता में सम्पूर्ण परिर्वतन नहीं होता, उसमें संवदेनशीलता और उदारता नहीं आती है तब तक महिला विकास, नारी मुक्ति तथा 'स्त्री सशक्तिकरण' निरर्थक अभिव्यक्तियां मात्र रहेगी। वास्तविकताओं के सार्थक प्रतीक नहीं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एस.एस. नाथायत वेल्यू बेरह क्वालिटी ऑफ लाईफ इण्डिया पर्सनल ऑफ साइकोलोजी, 24.2, 1997 पृष्ठ 101-102
2 नारी सशक्तिकरण विमर्श एवं यर्याथ सम्पादन आशा कौशिक पृष्ठ 119
3. अमृत्यसेन : Many faces of Gender Inequality (Front Line, New Delhi, Nov. 9, 2001)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) April To June 2019, Volume I

Impact of Government Price Controls on Consumer Welfare in India

Parikshit Hada*

Abstract: Government price controls in India are primarily aimed at protecting consumers, especially low-income groups, from price volatility and ensuring access to essential goods such as food, medicines, fuel, and electricity. Mechanisms like the Public Distribution System (PDS), Drug Price Control Order (DPCO), and subsidized energy pricing have improved affordability and short-term consumer welfare by reducing out-of-pocket expenditure. Price ceilings often increase consumer surplus for beneficiaries who obtain goods at regulated prices. However, these benefits are frequently uneven due to shortages, rationing, quality deterioration, and leakages. In the long run, persistent price controls can distort market signals, discourage production and investment, and impose a heavy fiscal burden on the government. Such effects may reduce availability and choice, ultimately undermining consumer welfare. Therefore, while price controls provide short-term relief and social protection, their long-term effectiveness depends on targeted implementation, efficient regulation, and complementary market-oriented reforms.
Keywords: Consumer Welfare,PDS, Price Controls, DPCO**,** Price Floors, competitive market.

Introduction - Price controls refer to government-imposed limits on the prices that can be charged for goods and services in a market. These controls generally take the form of price ceilings and price floors. A price ceiling sets a maximum price below the market equilibrium, intended to make essential goods affordable for consumers, while a price floor establishes a minimum price above equilibrium to protect producers' incomes. In price theory, such interventions directly affect the interaction of demand and supply and have important implications for market efficiency and welfare outcomes.

The primary rationale behind government intervention in prices is to correct market failures and promote social welfare. In developing economies like India, price controls are often justified on grounds of ensuring affordability of essential goods, protecting vulnerable sections of society, stabilizing prices during inflationary periods, and supporting producers against volatile market conditions. Governments also intervene to prevent monopolistic practices, curb excessive price fluctuations, and maintain macroeconomic stability. From a welfare perspective, price controls aim to increase consumer surplus and ensure equitable access to basic necessities.

In the Indian context, price controls have been an integral part of economic policy since independence. The government regulates prices of essential commodities such as food grains through the Public Distribution System (PDS), while agricultural prices are influenced through the Minimum Support Price (MSP) mechanism. Fuel prices and electricity tariffs have historically been subject to regulation to protect consumers from sharp price rises. Similarly, the Drug Price Control Order (DPCO) seeks to ensure the affordability of essential medicines. These interventions reflect the state's commitment to balancing market forces with social objectives.

Despite their welfare-oriented intent, price controls often generate unintended consequences such as shortages, quality deterioration, fiscal burden, and black-market activities. This leads to the central research problem of this study: to examine whether government price controls in India effectively enhance consumer welfare or create market distortions that undermine long-term welfare gains. The study is significant as it contributes to policy debates on market regulation, consumer protection, and the appropriate role of the state in price determination in a liberalizing Indian economy.

Objectives of the Study: The present study aims to examine the nature and various types of government-imposed price controls operating in the Indian economy. It seeks to analyze the impact of these price controls on consumer welfare, with specific reference to affordability, access, and consumer surplus. The study also assesses the effectiveness of price regulation in promoting equity and protecting vulnerable sections of society.

Research Questions : This study is guided by key research questions that assess the welfare implications of price controls in India. The first question examines whether government-imposed price controls effectively improve consumer welfare by enhancing affordability and access to essential goods. The second question explores how price

***Assistant Professor, Department of EAFM, Govt. College, Uniara (Tonk) (Raj.) INDIA**

ceilings influence the availability and quality of goods, particularly whether controlled prices lead to shortages or quality deterioration. The third question investigates whether the benefits of price controls are equitably distributed among different income groups or disproportionately favor certain sections. These questions form the basis for evaluating the overall effectiveness of price regulation in India.

Review of Literature

1. Classical and Modern Views on Price Controls: Classical economists generally opposed direct price controls, arguing that market-determined prices lead to efficient allocation of resources. Smith and Marshall emphasized price signals in balancing demand and supply. In contrast, Keynesian and welfare economists recognize circumstances where government intervention can enhance welfare, especially during market failures and for essential goods (Smith, 1776; Marshall, 1890; Keynes, 1936).

2. Impact of Price Ceilings on Market Outcomes: Empirical research on price ceilings shows that while they can temporarily make goods affordable, they may also lead to shortages and reduced quality. Stiglitz (1987) highlights that price ceilings often distort incentives, causing supply constraints and black-market activities.

3. Price Floors and Producer Welfare: Price floors, such as minimum wages and agricultural support prices, are justified to protect producers' income. However, studies indicate mixed welfare impacts; while price floors raise producer surplus, they can also create surpluses and inefficiencies (Krugman& Wells, 2015).

4. MSP and Agricultural Price Controls in India: Studies on Minimum Support Prices (MSP) demonstrate that MSP has stabilized farm income but often benefits larger farmers disproportionately. Gulati and Narayanan (2003) argue that MSP, combined with procurement policies, has significant welfare implications but also structural distortions.

5. Public Distribution System (PDS) and Consumer Welfare: Research on India's PDS shows that subsidized food through price controls improves food security for low-income households. However, leakage, targeting inefficiencies, and storage losses reduce overall effectiveness (Bhagwati&Panagariya, 2013).

6. Fuel Pricing and Drug Price Control Order (DPCO): Studies on fuel price regulation reveal that price controls can protect consumers during volatile markets but impose fiscal burdens on governments. Similarly, the Drug Price Control Order has enhanced affordability of essential medicines, though critics argue it may discourage innovation (Datt&Sundharam, 2018).

Theoretical Framework: The theoretical framework of this study is grounded in price theory, which explains how prices are determined through the interaction of demand and supply in a competitive market. Under normal market conditions, equilibrium price ensures efficient allocation of resources. However, when the government imposes price controls—such as price ceilings or price floors—the natural equilibrium is disturbed. A price ceiling set below equilibrium increases quantity demanded but reduces quantity supplied, leading to excess demand. Conversely, a price floor set above equilibrium increases supply while reducing demand, resulting in surplus production. These outcomes form the basic analytical foundation for examining price controls in India.

An important component of this framework is consumer surplus and welfare analysis. Consumer surplus refers to the difference between what consumers are willing to pay and what they actually pay. Price ceilings are often introduced to increase consumer surplus by lowering prices of essential goods. In the short run, consumers may benefit from reduced prices and improved affordability. However, welfare analysis suggests that long-term effects may reduce overall welfare due to supply shortages, quality deterioration, and reduced producer incentives. Thus, welfare gains from price controls may be partial or unevenly distributed.

The framework also incorporates the concept of market distortions arising from price regulation. Artificially low prices can encourage hoarding, rationing, black markets, and corruption, while excessive price floors can lead to wastage and fiscal burden on the state. This theoretical framework helps assess whether government price controls in India enhance consumer welfare or create distortions that undermine long-term market efficiency.

Government Price Control Mechanisms in India: Various price control mechanisms operate across sectors to ensure affordability, income security, and price stability. Among the most significant mechanisms are the Minimum Support Price (MSP), Public Distribution System (PDS), Drug Price Control Order (DPCO), and fuel and electricity price regulations.

The Minimum Support Price (MSP) is a price floor mechanism announced by the Government of India to safeguard farmers against sharp declines in agricultural prices. MSP ensures that farmers receive a minimum remunerative price for their produce, particularly for staple crops such as wheat, rice, and pulses. While MSP helps stabilize farm incomes and encourages production, its indirect impact on consumers is mixed. Procurement and storage costs often increase fiscal burden, and market prices may rise, affecting consumer welfare, especially in non-procurement regions.

The Public Distribution System (PDS) is a price ceiling–based mechanism designed to provide essential food grains at subsidized rates to vulnerable populations. Through fair price shops, rice, wheat, and other essentials are supplied below market prices. PDS has played a crucial role in improving food security and reducing hunger. However, issues such as leakage, targeting errors, and inefficiencies reduce its effectiveness and limit the welfare benefits for intended consumers.

The Drug Price Control Order (DPCO) regulates the prices of essential medicines to ensure affordability and access to healthcare. By fixing ceiling prices for critical

drugs, the government aims to protect consumers from excessive pricing. While DPCO has significantly reduced medicine prices and improved access, concerns remain regarding reduced profitability for pharmaceutical companies and potential impacts on innovation and supply. Fuel and electricity price regulations have historically aimed to shield consumers from price volatility. Subsidies and administered pricing mechanisms help control inflation and ensure affordable energy access. However, prolonged price controls have led to fiscal stress, inefficiencies, and distorted consumption patterns. Together, these mechanisms highlight the complex trade-off between consumer welfare, market efficiency, and fiscal sustainability in India's price control regime.

Impact on Consumer Welfare: Government-imposed price controls in India are primarily justified on the grounds of improving consumer welfare, particularly for low-income and vulnerable sections of society. By regulating prices of essential goods such as food grains, medicines, fuel, and electricity, the government seeks to enhance affordability and ensure wider access. In the short run, price ceilings and subsidies lower the monetary burden on consumers, enabling them to purchase basic necessities at reduced prices. Schemes like the Public Distribution System (PDS) and controlled drug pricing have significantly improved access to food and healthcare for economically weaker sections.

From a welfare economics perspective, price controls influence consumer surplus, defined as the difference between consumers' willingness to pay and the actual price paid. Lower controlled prices can increase consumer surplus for those who successfully obtain the goods at regulated rates. However, this benefit is often unevenly distributed. Consumers who face shortages, long queues, or rationing may not fully realize these gains. In many cases, informal payments or black-market purchases at higher prices erode the intended welfare benefits.

Price controls also affect quality, availability, and consumer choice. Producers facing price ceilings may reduce output, compromise on quality, or withdraw from the market due to lower profit margins. In sectors such as pharmaceuticals and energy, prolonged price regulation can discourage investment and innovation, limiting the range and quality of products available to consumers. Thus, while prices may be lower, consumers may face restricted choices and inconsistent supply.

The distinction between short-run and long-run welfare effects is critical. In the short run, price controls can provide immediate relief from inflation and market volatility, especially during crises. However, in the long run, persistent price regulation may distort market signals, reduce productive efficiency, and create fiscal burdens. These factors can ultimately undermine consumer welfare by causing shortages, inefficiencies, and reduced economic growth. Therefore, the impact of price controls on consumer welfare in India is complex, involving trade-offs between affordability, efficiency, and sustainability.

Challenges and Criticisms: Despite their welfare-oriented objectives, government price controls in India face several challenges and criticisms related to market efficiency, fiscal sustainability, and long-term economic outcomes. One of the major criticisms is the creation of market distortions. Artificially low prices disrupt the demand–supply balance, often resulting in excess demand and shortages. These distortions encourage black markets, hoarding, and rent-seeking behavior, which undermine the intended benefits of price regulation. In addition, price floors such as MSP can lead to overproduction of certain crops, inefficient resource allocation, and wastage.

Another significant challenge is the fiscal burden imposed on the government. Subsidies for food, fuel, electricity, and fertilizers require substantial public expenditure. Rising subsidy bills limit fiscal space for investment in health, education, and infrastructure. Persistent fiscal stress can also contribute to inflationary pressures and macroeconomic instability, indirectly affecting consumer welfare. Thus, while price controls aim to protect consumers, their long-term sustainability remains questionable.

Leakages, inefficiency, and targeting issues further weaken the effectiveness of price control mechanisms. In systems such as the Public Distribution System (PDS), problems like diversion of goods, inclusion and exclusion errors, and corruption reduce the actual benefits reaching intended beneficiaries. Administrative inefficiencies increase transaction costs and reduce transparency, diluting welfare gains. Even well-designed policies often fail at the implementation stage due to weak monitoring and governance mechanisms.

Price controls also have a significant impact on producers and long-term supply. Reduced profit margins discourage private investment, innovation, and capacity expansion. In agriculture, MSP-driven incentives may distort cropping patterns and harm ecological sustainability. In sectors like pharmaceuticals and energy, strict price regulation can discourage research and infrastructure development. Over time, reduced supply and declining quality may offset short-term consumer benefits, ultimately harming overall welfare. These challenges highlight the need for carefully balanced and targeted price regulation policies.

Policy Implications and Recommendations: The analysis of government price controls in India highlights the need to strike a careful balance between market efficiency and social welfare. While price regulation can provide short-term relief to consumers and protect vulnerable groups from price shocks, excessive or poorly designed controls distort market signals and reduce economic efficiency. Policymakers must recognize that prices play a crucial role in reflecting scarcity, costs, and

consumer preferences. Therefore, price controls should be applied selectively, primarily during periods of crisis or market failure, and accompanied by clear exit strategies to avoid long-term distortions.

A key policy implication is the need to shift from broad-based price controls to targeted subsidies. Instead of suppressing market prices for all consumers, direct benefit transfers (DBT) and income-based subsidies can protect low-income households without disrupting supply incentives. For example, cash transfers or food coupons can improve affordability while allowing market prices to function efficiently. Targeted approaches reduce fiscal burden, minimize leakages, and ensure that benefits reach intended beneficiaries more effectively than universal price ceilings.

Another important recommendation is strengthening regulatory and monitoring mechanisms. Transparent pricing policies, periodic reviews of administered prices, and independent regulatory authorities can enhance policy effectiveness. Improved data systems, digitization, and technology-driven monitoring can reduce corruption, leakage, and inefficiencies in subsidy delivery systems such as PDS and energy pricing.

Finally, long-term consumer welfare requires complementary reforms that enhance supply-side capacity, competition, and productivity. Investments in agriculture, infrastructure, healthcare, and energy can reduce costs naturally, making goods affordable without heavy reliance on price controls. Thus, a balanced policy framework that combines targeted welfare measures with market-oriented reforms is essential for sustainable and inclusive economic development in India.

Conclusion: Government price controls in India play a significant role in safeguarding consumer welfare, particularly by ensuring affordability and access to essential goods such as food, medicines, and energy. Mechanisms like MSP, PDS, and drug price regulation have provided short-term relief to vulnerable sections and helped stabilize prices during periods of market volatility. However, the study reveals that while price controls can increase consumer welfare in the short run, their long-term impact is often constrained by market distortions, fiscal burden, inefficiencies, and adverse effects on supply and quality. Challenges such as leakages, poor targeting, and reduced producer incentives limit the effectiveness of these interventions. The analysis suggests that reliance on rigid price controls alone is insufficient for sustainable welfare enhancement. A balanced policy approach—combining targeted subsidies, efficient regulation, and market-based reforms—is essential to protect consumers while preserving economic efficiency. Ultimately, well-designed and carefully implemented price policies can contribute to inclusive growth and long-term consumer welfare in India.

References :-

1. Acharya, S. S. (2013). *Agricultural price policy, minimum support prices and food security in India*. Oxford University Press.
2. Basu, K. (2011). *Beyond the invisible hand: Groundwork for a new economics*. Princeton University Press.
3. Bhagwati, J., &Panagariya, A. (2013). *Why growth matters*. Oxford University Press.
4. Datt, R., &Sundharam, K. P. M. (2018). *Indian Economy*. S. Chand.
5. Gulati, A., & Narayanan, S. (2003). *Agricultural price policy in India*. Oxford University Press.
6. Keynes, J. M. (1936). *The General Theory of Employment, Interest and Money*. Macmillan.
7. Krugman, P., & Wells, R. (2015). *Economics*. Worth Publishers.
8. Marshall, A. (1890). *Principles of Economics*. Macmillan.
9. Organisation for Economic Co-operation and Development. (2018). *Consumer policy and price regulation*. OECD Publishing.
10. Panagariya, A. (2008). *India: The emerging giant*. Oxford University Press.
11. Planning Commission of India. (2014). *Evaluation study on public distribution system*. Government of India.
12. Ray, D. (2018). *Development economics: Theory and practice*. Oxford University Press.
13. Sen, A. (1999). *Development as freedom*. Oxford University Press.
14. Stiglitz, J. E. (1987). *Economics of the Public Sector*. W.W. Norton.
15. Tirole, J. (1988). *The theory of industrial organization*. MIT Press.
16. Varshney, A. (2014). Subsidies and welfare politics in India. *Journal of Asian Studies*, 73(2), 345–368.
17. Zingales, L. (2012). *A capitalism for the people*. Basic Books.

****

मुगल कालीन प्रमुख मार्गों और यातायात के साधनों की विवेचना

डॉ. विजय कुमार राय*

शोध सारांश – किसी भी राष्ट्र की प्रगति यातायात के मार्ग और साधनों के बिना संभव नहीं है। भारत में भी प्राचीन काल से ही कुछ प्रमुख यातायात एवं परिवहन हेतु मार्ग की अस्तित्व को देखा जा सकता है । भारत विश्व में अपने भौगोलिक विविधताओं के लिए जाना जाता है। ऐसे भौगोलिक विविधताओं के कारण यहां परिवहन मार्गों का विकास दुर्लभ रहा है । इस्लामिक सत्ताा की स्थापना के साथ ही जहां नये नगरों का निर्माण हुआ वहीं पुराने नगरों के विकास पर भी शासकों ने ध्यान दिया। अधिकांश मुगल शासक महत्वकांक्षी थे। उन्हें अपने साम्राज्य विस्तार की अभिलाषा थी। अत: उन्होंने एक विशाल साम्राज्य की स्थापना की। इस विशाल साम्राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को एक दूसरे से जोड़ने, उनकी व्यापक सुरक्षा, उनकी प्रशासनिक व्यवस्था, नगरीय जनता की दैनिक आवश्यकता, व्यापार, वाणिज्य और सैन्य गतिविधियों के सुचार संचालन के लिए व्यवस्थित मार्गों की आवश्यकता थी। जिसके लिए उन्होंने प्रयास किया और नये नगरों के विस्तार के साथ ही आवागमन के साधनों को सुनिश्चित करने का कार्य किया। उस समय के आवागमन के मार्गों में स्थल और जल मार्ग थे जिसमें स्थल मार्गों की संख्या अधिक थी। थल और जल दोनों मार्गों पर यातायात की समुचित व्यवस्था थी जैसा कि यूरोपीय यात्रियों के विवरणों से पता चलता है।

शब्द कुंजी – यातायात,परिवहन, कृषि, साम्राज्य, व्यापारिक, केंद्र, भौगोलिक, राजधानी, मार्ग, क्रीगर।

उद्देश्य– इस शोध पत्र का उद्देश्य मुगलकालीन स्थल और जल मार्गों तथा प्रचलित यातायात के साधनों का अवलोकन करना है।

शोध विस्तार– प्राचीन काल से ही भारत कृषि प्रधान देश रहा है। अधिकांश जनता गांवों में निवास करती थी।इनकी आवश्यकताएं सीमित थीं। अपनी जरुरत का अधिकतर वे स्वयं उत्पादन करते थे। बाह्य जगत से उनका कोई खास सम्बन्ध नहीं था।मानव विकास के साथ हीं नगरों का धीरे–धीरे विकास हुआ। मुगल काल तक आते–आते जहां एक विशाल साम्राज्य का निर्माण हुआ वहीं अनेक नये नये नगरों का भी विकास हुआ। इन नगरों की आवश्यकता के अधिकांश सामानों की आपूर्ति गांवों से ही होती थी। सम्पूर्ण आर्थिक गतिविधियां कृषि से ही संपृक्त थीं। संपूर्ण कृषि तंत्र उत्पादन और वितरण की व्यवस्था पर केंद्रित होता है। उत्पादन का बाजार में पहुंचने और श्रम के वास्तविक मूल्य को प्राप्त किए बिना किसी युग विशेष की आर्थिक व्यवस्था का अध्ययन अपरिहार्य आवश्यकता है। उत्पादन का आधार ग्रामीण क्षेत्र और आंतरिक व्यापार के केंद्रित बाजार मंडी तक पहुंचाने का एकमात्र साधन स्थल मार्ग ही थे। गंगा यमुना नदियों में जल यातायात की हीं व्यवस्था थी परंतु वह स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते थे। मुगल काल में भारत के प्रमुख नगर एक दूसरे से निश्चित मार्गो द्वारा जुड़े हुए थे। सूरत इस साम्राज्य का व्यापारिक केंद्र था और आगरा प्रमुख नगरी और राजधानी थी । सूरत और आगरा को जोड़ने वाले दो प्रमुख मार्ग थे। सूरत से अहमदाबाद तक का मार्ग कोठोदरा अलंकेश्वर, भड़ौच,जंबूसर, बडौदा, नादियाद, अहमदाबाद से होकर गुजरता था।1 एक दूसरा मार्ग जो अहमदाबाद से आगरा तक जाता था वह इस प्रकार था– पनसर, मेहसाणा, सिद्धपुर, पालनपुर, मिनमल, पीपर, मेड़ता, अजमेर, हिंदान ,वियाना,फतेहपुर सीकरी।[2] टेवरनियर इस मार्ग और इस पर पड़ने वाले स्थानों की दूरी का उल्लेख किया है । टेवरनियर अहमदाबाद और पनसर के बीच की दूरी को 13 कोस बताता है।[3] यहां एक कोस लगभग 13/4 मील और एक मिल को 8/5 किलोमीटर माना गया है जिसके आधार पर यह दूरी 13 कोस 36 किलोमीटर के बराबर हुई। अहमदाबाद से पंसर तक की रेल मार्ग से भी दूरी 34 किलोमीटर है। इस आकलन के आधार पर टेवरनियर यह विवरण सत्य है। टेवरनियर ने अपने विवरण में पनसर से मेहसाणा, मेहसाणा से सिद्धपुर और सिद्धपुर से पालनपुर के बीच की दूरी क्रमश: 14 कोस, 14 कोस और 12 कोस दी है।[4] मिनमल, पीपर और मेड़ता, जोधपुर में है और हिंडन जयपुर में है।[5]

सूरत से आगरा तक का एक और प्रमुख मार्ग जिस पर बारदोली (पर्नोली),बालौर, नावापुर, तनवीर, चौपरा, सिरोंज, ग्वालियर धौलपुर पड़ता था। टेवरनियर ने वर्णन करते हुए लिखा है ष्सूरत और बुरहानपुर के बीच नवापुरा एक बड़ा गांव है जो जुलाहों से भरा था यह गांव वर्तमान गांव नारायणपुर है जो बुलेसर से 14 मील की दूरी पर स्थित है । बुरहानपुर उस समय एक बड़ा नगर और व्यापारिक केंद्र था।[6] सूरत से बुरहानपुर की दूरी 132 कोस,बुरहानपुर से सिरोज तक की दूरी 101 कोस और सिरोंज से आगरा तक की दूरी 106 कोस थी। इस प्रकार सूरत से आगरा तक की इस मार्ग से दूरी 339 कोस पड़ती थी ।[7] सूरत से आगरा के लिए दो अन्य मार्ग जिनमें एक उज्जैन ग्वालियर होते हुए आगरा पहुंचता था तथा दूसरा जिस पर बड़ौदा, रतलाम ,नीमच और अजमेर होते हुए आगरा पहुंचा जा सकता था। आगरा से दिल्ली जाने वाले मार्ग इस प्रकार था– आगरा, सिकंदरा, नौरंगाबाद, मथुरा, अकबरपुर, कोसी सराय, खेरा सराय, पलवल, फरीदाबाद, बदरपुर, आगरा और दिल्ली, काबुल के साथ लाहौर से जुड़े हुए थे। आगरा दिल्ली से लाहौर तक जाने वाला मार्ग निम्न स्थानों से होकर गुजरता था– आगरा, दिल्ली, बादली, नरेला, सोनीपत, गन्नौर, पानीपत, करनाल, अंबाला, सराय हुज्जन, सरहिंद, लुधियाना, नूर महल, सुलतानपुर, नौरंगाबाद, होशियार नगर, लाहौर।[8] लाहौर से श्रीनगर जाने का वाला मार्ग थट्टा और अजमेर के साथ जुड़ा हुआ था । आगरा बंगाल के साथ इलाहाबाद बनारस और पटना के मार्ग से जुड़ा हुआ था। इस मार्ग से होकर गुजरने पर पड़ने वाले स्थान आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, इलाहाबाद, बनारस, सहसाराम, पटना, मुंगेर, राजमहल, ढाका । राजमहल से अन्य मार्ग मुर्शिदाबाद, कासिम बाजार हुगली तक था।

टेवरनियर आगरा से ढाका तक की अपनी यात्रा में रास्ते में पड़ने वाले

* प्रवक्ता (इतिहास) राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ.प्र.) भारत

स्थानों का वर्णन करते हुए लिखा है– इलाहाबाद एक अच्छा नगर था और यह प्रांतीय गवर्नर का निवास स्थान भी था। बनारस का वर्णन इस प्रकार करता है यहां बहुत सी सराय हैं, जिनमें एक सराय विशाल और काफी अच्छी बनी है। यहां कारीगर विभिन्न प्रकार का कपड़ा बेचने के लिए आते हैं। विदेशी इस कपड़े को खरीदते हैं। कपड़ा बेचने से पूर्व कारीगर कपड़े पर सरकारी मोहरे लगवाते हैं, अन्यथा उनको लगाए जाते हैं और जुर्माना किया जाता है।[9] पटना के संबंध में वर्णन करता है यह एक विशाल नगर और शोले के व्यापार का प्रमुख केंद्र था और यहां एक डच फैक्ट्री स्थापित थी। ढाका को प्रसिद्ध व्यापारी नगर और राजधानी के रूप में वर्णित करता है और इस प्रकार कासिम बाजार भी एक प्रसिद्ध नगर और व्यापारी केंद्र के रूप में विख्यात था, जहां इंग्लिश और डच फैक्ट्री स्थापित थी।[10]

सूरत जहां एक और सिंध के प्रसिद्ध बंदरगाह 'लाहरी बंदर' से अहमदाबाद के मार्ग से जुड़ा हुआ था वहीं भारत के पूर्वी समुद्री तट पर स्थित मुसलीपट्टम के साथ जुड़ा हुआ था। सूरत से मुसलीपट्टम को दौलताबाद, औरंगाबाद और गोलकुंडा होते हुए मार्ग था। टवेरनियर ने सूरत से गोलकुंडा तक इसी मार्ग से यात्रा की थी और उसे इसमें सत्ता इस दिन लगे थे। डच व्यापारी पीटर रेवेस्टन को मुसलीपट्टम से सूरत तक पहुंचने में इस मार्ग से एक माह ग्यारह दिन लगा था। [11]

यातायात के साधनों के रूप में बैलगाड़ी, रथ, ऊंट हाथी, खच्चर, और मनुष्य थे। यातायात के साधन के रूप में घोड़े का प्रयोग बहुत ही कम होता था क्योंकि उनका प्रयोग युद्ध क्षेत्र में सेना के लिए किया जाता था।[12] भारी माल ढोने के लिए हाथियों का प्रयोग होता था। हाथी बादशाह और उच्च मानसबदारों के लिए सुरक्षित था। यातायात के साधनों के रूप में आदमी का स्थान भी महत्वपूर्ण था। यह एक स्थान से दूसरे स्थान को माल अपने सिर पर रखकर ले जाता था।

व्यापारिक माल को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए बैलगाड़ी का प्रयोग बहुतायत से मिलता है। इन बैलगाड़ियों को बैलों के माध्यम से खींचा जाता था। राजस्थान में माल ढोने ने के लिए ऊंट का प्रयोग होता था। रथ बैलों से खींचे जाते थे।ओविंगटन इस संबंध में लिखता है कि रथ बग्घी के रूप में होता था। बैठने की जगह चपटी थी और उसमें गद्दी नहीं लगी होती थी। यह चारों ओर से खुला होता था धूप से बचने के लिए लोग कपड़ा तान लेते थे।[13]

समकालीन यातायात के साधनों के रूप में बंजारों का महत्वपूर्ण स्थान था। बंजारा प्राय एक घुमक्कड़ जाति थी और एक स्थान से दूसरे स्थान को काफिले के रूप में घूमते थे। पीटर मुंडी ने बंजारों का वर्णन करते हुए देखा है बंजारे अपने सारे परिवार को अपने साथ लिए हुए एक स्थान से दूसरे स्थान को घूमते हैं उनके अपने बैल होते हैं। कभी–कभी व्यापारी इन्हें भाड़े पर तय करते हैं परंतु आमतौर पर यह स्वयं व्यापारी होते हैं। जहां पर अनाज सस्ता है वहां से खरीद कर यह उन स्थानों पर अनाज को बेचते हैं जहां उन्हें इसकी अच्छी कीमत प्राप्त होती है। यहां वे उन वस्तुओं को खरीदते हैं जिन्हें दूसरे स्थान पर बेचने से उन्हें लाभ हो।[14] टेवरनियर बंजारों के इन काफिलों का वर्णन करता है वह एक बल पर तीन सौ से पांच सौ लीवर[15] तक बोझ लादते हैं। दस हजार से बारह हजार बैलों के एक काफिले को देखकर एक आश्चर्यजनक दृश्य उपस्थित होता है। यह काफिला चावल, अनाज और नमक एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाता था। पीटर मुंडी ने चौदह हजार से बीस हजार बैलों तक के काफिले का वर्णन किया है। ये काफिले लंबी–लंबी दूरी तक माल ले जाते थे। सूरत से आगरा, आगरा से बंगाल और आगरा से लाहौल एवं कंधार तक यह काफिले कम समय में लंबी यात्रा तय करते थे। यह बैलों की तेज रफ्तार और सड़कों की अच्छी दशा पर निर्भर था।[16]

यातायात के साधनों के रूप में जल यातायात का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा। नदियों द्वारा माल बड़ी मात्रा में एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाया जाता था। इस कार्य में सिंधु और गंगा नदी का महत्वपूर्ण स्थान था। विलियम फिंच लाहौर से रावी नदी और सिंधु नदी द्वारा नावों में माल सिंध के थट्टा नगर तक ले जाने का विवरण प्रस्तुत करता है।[17] पीटर मुंडी के विवरण के अनुसार आगरा से बंगाल तक माल गंगा नदी में बड़ी–बड़ी नावों द्वारा ले जाया जाता था । ये नावें तीन सौ टन से चार सौ टन तक माल ले जा सकती थीं और महत्वपूर्ण नदी स्टेशन इटावा, इलाहाबाद और पटना रुकती हुई जाती थीं। नदियों द्वारा माल ले जाने के लिए लाइसेंस लेना पड़ता था गंगा नदी के दोनों ओर(इलाहाबाद) एक दरोगा नियुक्त रहता था।वह किसी को बिना आदेश नहीं जाने देता था और साथ ही उसके पास जाने वाले माल की जानकारी रखता था। अकबर के समय जल यातायात की दर एक रुपया प्रति कोस एक हजार मन रही।[18]

निष्कर्ष – संपूर्ण तथ्यों के अवलोकन के पश्चात् हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि भारत में मुगल सत्ता की स्थापना के साथ अपने विशाल साम्राज्य की जरुरत को पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया। उस काल के विदेशी यात्री जो भारत आये उन्होंने अपनी यात्रा के क्रम में उन स्थानों का नाम सहित उल्लेख किया। उन विशेष नगरों को जोड़ने वाले मार्गों, उनके नाम और उनके बीच की दूरी का बड़ी बारीकी से उल्लेख किया है। उन्होंने यातायात में प्रयुक्त होने वाले साधनों, उनकी भारवाहक क्षमता के साथ जल मार्गों और बड़ी बड़ी नौकाओं की भारक्षमता का बहुत ही बारीकी से विश्लेषण किया है। उनका यह विश्लेषण इतिहास के महत्वपूर्ण तथ्य के रुप में उपस्थित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जे ए वान मण्डलेसलो, पृष्ठ संख्या 19
2. जे वी टेवरनियर,भाग–1, पृष्ठ संख्या 80,84
3. वही, पृष्ठ संख्या 80
4. वही, पृष्ठ संख्या 80,84
5. द्रष्टव्य है, इम्पिरियल गजेटियर, मैपप्लेट 36
6. गुजरात स्टेट गजेटियर, सूरत डिस्ट्रिक्ट, पृष्ठ संख्या 118
7. टेवरनियर, भाग–1, पृष्ठ संख्या 51
8. वहीं, पृष्ठ संख्या 57,65
9. वहीं पृष्ठ संख्या 118
10. टेवरनियर, भाग–1, पृष्ठ संख्या 131–132
11. टरपेस्टरा–डी नीदरलैंडर्स इन दूर इण्डिया, पृष्ठ संख्या 84–85
12. जे ओविंगटन, ए शायद टू सूरत इन दि आकर 1689, लंदन, 1696, पृष्ठ संख्या 134
13. वहीं पृष्ठ संख्या 255
14. पीटर मुंडी, पृष्ठ संख्या 95,96
15. लीवर एक फ्रेंच शब्द है जिसका अर्थ वजन होता है, यह सोलह औंस के बराबर है।
16. पीटर मुंडी, भाग–2, पृष्ठ संख्या 95
17. सैयुसल, परचेज हिज पिलग्रिम्स, भाग–4, पृष्ठ संख्या 52,53
18. ई थामसन, रेवेन्यू रिसोर्सेज आप दि मुगल इम्पायर इन मुगल इण्डिया, पृष्ठ संख्या 17